4 रायपुर संभाग
ज्योत जंवारा विसर्जन करने देवी भक्त पहुंचे...

6 अभिमत
करिश्माई नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण

9 बस्तर संभाग
जिला प्रशासन ने किया देवी मड़ई का आयोजन

10 संस्कारधानी
माता को दी विदाई, जोत-जंवारा विसर्जित

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 15 अक्टूबर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 58 मूल्य 3.00 ₹

### विजयदशमी की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

असत्य पर सत्य का विजय पर्व विजयदशमी की समस्त पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिंतकों, संवाददाताओं, हाकरों को राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक पायनियर परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

### अवकाश की सूचना

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक पायनियर कार्यालय में 15 अक्टूबर को दशहरा पर्व पर अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक आपको 17 अक्टूबर को प्राप्त होगा।

–संपादक

## अब सस्ती दवाएं होंगी सभी की पहुंच में

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 20 अक्टूबर को श्री धन्वंतरी दवा योजना का करेंगे शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करते हुए राज्य में श्री धन्वंतरी दवा योजना शुरु की जा रही है। इस योजना के तहत 169 शहरों में 188 ऐसे मेडिकल स्टोर्स खोले जाएंगे, जिनमें मरीजों को अधिकतम खुदरा बिक्री मूल्य (एमआरपी) में 50 प्रतिशत से अधिक छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 20 अक्टूबर को इस योजना का शुभारंभ करेंगे। योजना की शुरुआत 85 श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स के साथ की जाएगी। शेष दुकानें भी इस माह के अंत तक प्रारम्भ हो जाएंगी। आगामी चरण में इन दुकानों से घर पहुंच दवा डिलीवरी की भी व्यवस्था की जायेगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि हमारी सरकार ने गरीबों और वंचित वर्गों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु अनेक प्रभावी कदम उठाए हैं। इसी दिशा में एक और पहल करते हुए श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स शुरू करने जा रहे हैं। अब सस्ती दवाएं सभी की पहुंच में होंगी। इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इससे दवाइयों पर होने वाले खर्च का बोझ कम हो सकेगा। इस योजना के माध्यम से हम सब्बो स्वस्थ-जम्मो सुग्घर की परिकल्पना को साकार करने में सफल होंगे। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा है कि सेवा जतन सरोकारङ्कछत्तीसगढ़ सरकार हमारी सरकार का आदर्श वाक्य है। योजना के माध्यम से शासन द्वारा इसे चरितार्थ किया जा रहा है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधओं का विस्तार राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। इस दिशा में ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में कई पहल की गई है। शहरी क्षेत्रों में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, सिटी डायग्नोस्टिक सेंटर, दाई दीदी क्लीनिक आदि के माध्यम से जमीनी स्तर तक सुविधाओं का विस्तार किया गया है। इसी क्रम में अब आम नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की रियायती दवा उपलब्ध कराने के लिए श्री धन्वंतरी योजना प्रारम्भ की जा रही है। योजना अंतर्गत राज्य के सभी 169 नगरीय निकायों में शासन के सहयोग से श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर खोले जा रहे हैं। नगरीय निकायों द्वारा 188 दुकानों का चिन्हांकन किया गया है। इन दुकानों में 251 दवाइयों, 27 सर्जिकल आइटम साहित विभिन्न सामग्री उपलब्ध रहेगी। लघु वनोपज संघ द्वारा निर्मित गुणवत्तापूर्ण हर्बल उत्पाद भी इन दुकानों में उपलब्ध रहेंगे। इन दुकानों में देश की ख्यातिप्राप्त कंपनियों की जेनरिक दवाइयों की बिक्री की जाएगी। सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर जैसी आम बीमारियों के साथ-साथ गंभीर बीमारियों की दवाएं, एंटीबायोटिक, सर्जिकल आइटम भी उपलब्ध रहेंगे।

यह सभी सामग्री अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) में 50 प्रतिशत से भी अधिक की छूट के साथ उपलब्ध होंगे। नागरीय निकायों द्वारा छूट की दर प्राप्त करने हेतु प्रतिस्पर्धात्मक निविदा का आमंत्रण किया गया था जिसमे सभी निकायों में 50 त्न से ज्यादा छूट की दर प्राप्त हुई। इसका प्रमुख कारण इस हेतु शासन द्वारा तैयार बिजनेस मॉडल रहा। श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर संचालकों को 2 रुपए प्रति वर्गफुट की आकर्षक दर से नगर पालिक निगम द्वारा किराये पर दुकानें उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही इन मेडिकल स्टोर्स से अन्य योजनाओं में भी दवाइयां खरीदने का आश्वासन भी दिया गया है । योजना के सफल संचालन की जिम्मेदारी जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित यूपीएसएस को प्रदान की गई है।

### राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी विजयदशमी की शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल अनुसुईया उइके ने विजयादशमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने प्रदेश के सुख और समृद्धि की कामना करते हुए कहा है कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के जीवन का प्रत्येक क्षण हमें एक आदर्श जीवन जीने की सीख देता है। यह उत्सव हमें याद दिलाता है कि जो लोग सत्य, सदाचार और अच्छाई के रास्ते पर चलते हैं, उनकी सदैव जीत होती है।

वहीं विस अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि यह पर्व हमें समाज में व्याप्त आसुरी प्रवृत्ति को समाप्त कर शांति, सद्भाव और आपसी भाईचारा स्थापित करने का संदेश देता है। यह त्योहार भारतीय संस्कृति में वीरता और शौर्य का प्रतीक है। डॉ महंत ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे अपने अंदर की बुराईयों को समाप्त कर प्रदेश के विकास एवं समृद्धि में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। विजयादशमी दशहरा दुर्गा पूजा और नौ दिन तक चलने वाले नवरात्रि उत्सव के समाप्ति का प्रतीक है। यही वह दिन था जब भगवान श्रीराम ने रावण को परास्त किया था, वहीं मां दुर्गा ने महिषासुर का अंत कर देवताओं और मनुष्यों को उनके अत्याचार से मुक्ति दी थी, विजयदशमी को हथियार (अस्त्र-शस्त्र) पूजने की परंपरा भी है। यह दिन रोशनी के त्यौहार दिपावली की तैयारी की शुरुआत का भी प्रतीक है, जो त्योहार के लगभग 20 दिनों बाद पड़ता है। प्रभु श्रीराम का लंका विजय तथा मां दुर्गा का महिषासुर मर्दिनी अवतार दशमी को हुआ था, इसलिए इसे विजयादशमी कहा जाता है।

वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को दशहरा पर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। दशहरा की पूर्व संध्या पर जारी बधाई संदेश में श्री बघेल ने कहा है कि दशहरा शक्ति पूजा, शस्त्र पूजन, हर्ष, उल्लास और विजय का पर्व है। विजयादशमी का यह पर्व बुराई पर अच्छाई और अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है। इस दिन मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम ने रावण का वध किया था। दशहरा पर्व हमें सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है, हमें विश्वास दिलाता है कि सत्य के मार्ग में कितनी भी परेशानियां और कठिनाईयां क्यों न हो, विजय सदा सत्य की होती है। यह पर्व अन्याय और अहंकार पर न्याय और सत्य की विजय को रेखांकित करता है।

### क्विक न्यूज

#### भारत अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास अलास्का में

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच अलास्का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्ध अभ्यास' शुरू होगा। इस सैन्य अभ्यास का आयोजन भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। अभ्यास में भारतीय सेना की इन्फेंट्री बटालियन के 350 जवान हिस्सा लेंगे और यह 29 अक्टूबर तक चलेगा। समापन से पहले दोनों सेनाओं के बीच 48 घंटे का विशेष अभ्यास भी होगा। अभ्यास के दौरान दोनों सेनाओं के सैनिक एक दूसरे के अनुभव तथा श्रेष्ठ तरीकों तथा रण कौशल की बारीकियों को साझा करेंगे।

#### आर्यन की जमानत अर्जी पर फैसला 20 अक्टूबर के लिए सुरक्षित

**मुंबई।** मादक द्रव्य मामले में गिरफ्तार किये गये अभिनेता आर्यन खान की जमानत अर्जी पर मुम्बई की एक अदालत ने गुरुवार को फैसला 20 अक्टूबर के लिए सुरक्षित रख लिया। आर्यन की जमानत अर्जी पर विशेष सत्र न्यायालय में सुनवाई कल से चल रही थी, अदालत ने दो दिन की सुनवाई के बाद फैसला देने के लिए 20 अक्टूबर की तारीख मुकर्रर की है। अब वह 20 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में रहेगा। आर्यन, उसके मित्र अरबाज मर्चेंट और छह अन्य को गोवा जाने वाले क्रूज पर दो अक्टूबर को मादक द्रव्यों के साथ पकड़ा गया था। मादक द्रव्य नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने उन्हें चरस, हशीश जैसे मादक द्रव्य रखने और सेवन करने के जुर्म में गिरफ्तार किया था। इस मामले में आर्यन आरोपियों की सूची में पहले क्रमांक पर है। उसकी ओर से जमानत मंजूर कराने के लिए यह तीसरा प्रयास था।

## सरगुजा से आए आदिवासियों के प्रतिनिधिमण्डल ने की राज्यपाल अनुसुईया उइके से मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल अनुसुईया उइके से आदिवासियों के समूह ने मुलाकात की। यह समुह 4 अक्टूबर से ग्राम फ्तेहपुर, जिला-सरगुजा से पदयात्रा करते हुए राजधानी पहुंचे थे। इसमें सरगुजा, कोरबा और सूरजपुर के आदिवासी शामिल थे। पूर्व में राजभवन द्वारा 10 से 12 लोगों को मिलने की अनुमति दी गई थी, जब राज्यपाल को ज्ञात हुआ कि वे करीब 300 किलोमीटर से पैदल चल के आ रहे हैं, तो उन्होंने उनकी भावनाओं को समझते हुए उन सभी को राजभवन के भीतर बुलाने का निर्देश दिया और 300 से अधिक प्रतिनिधियों को राजभवन के भीतर बुलाया गया। राज्यपाल ने बड़ी संवेदनशीलता से उनकी बातें सुनी और कहा कि पांचवी अनुसूची के क्षेत्र में ग्राम सभा को विशेष अधिकार होते हैं और उनकी अनुमति के बिना कोई भी परियोजना या अन्य कार्य क्रियान्वित नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि वे उनकी संरक्षक है। उनकी भावनाओं को समझती हैं और उनकी जो भी समस्या है, उनका यथोचित समाधान करने का प्रयास करूंगी। साथ ही शासन से चर्चा करूंगी।

प्रतिनिधिमण्डल ने हसदेव अरण्य परिक्षेत्र को संरक्षित करने और कोयला खनन परियोजना को निरस्त करने, बिना ग्रामसभा के सहमति के हसदेव अरण्य क्षेत्र में कोल बेयरिंग एक्ट 1975 के तहत किए गए भूमि अधिग्रहण को निरस्त करने और पांचवी अनुसूची क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के पूर्व ग्राम सभा से अनिवार्य सहमति लेने तथा पेसा कानून को लागू करने का आग्रह किया। राज्यपाल पुरूष और महिलाओं समूहों के मध्य स्वयं गई और रूबरू हुई और उनके अन्य समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने तेंदूपत्ता बोनस और उनके बच्चों को मिलने वाली छात्रवृत्ति के बारे में पूछा। साथ ही इस समस्या के संबंध में यथासंभव समाधान करने का आश्वासन दिया।

#### मुख्यमंत्री भूपेश हसदेव अरण्य क्षेत्र से आए हुए लोगों से की चर्चा

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरूवार शाम को अपने निवास कार्यालय में हसदेव अरण्य क्षेत्र से राजधानी पहुंचे हुए लोगों से चर्चा की तथा इनकी मांगों को सुना।

## पीसीसी चीफ मरकाम को सीएम भूपेश ने लगाई फटकार

### जानकारी दिए बिना ही बुला ली थी कार्यकारिणी की बैठक, सीएम हुए नाराज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जानकारी दिए बिना ही कार्यकारिणी की बैठक बुलाने का दुस्साहस किया, जिस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जमकर क्लास ली। सीएम की नाराजगी जाहिर करने के तुरंत बाद ही पीसीसी चीफ ने चलते बैठक के बीच माफी मांगी। कार्यकारिणी की बैठक पूर्व में तय नहीं था, अचानक आनन-फानन में प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया को खुश करने और अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को हाई कमान तक पहुंचाने की जल्दबाजी में पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाए बिना ही कार्यकारिणी की बैठक बुला ली, जिस पर सीएम भूपेश ने आपत्ति जताई। इस बैठक में रेडी-टू-ईट और राशन दुकानों के आवंटन का मामला उठाया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री बघेल ने पीसीसी चीफ मोहन मरकाम की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई तो बैठक में सन्नाटा पसरने के साथ उपस्थित सदस्यों में खामोशी छा गई। माहौल को शांत करने के लिए पीसीसी चीफ ने बिना देरी किए मुख्यमंत्री से माफी मांगी, तब जाकर मामला शांत हुआ।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहाकि जब मैं पीसीसी अध्यक्ष था, तब भी विधायक दल के नेता के संज्ञान में लाकर बैठक आयोजित करता था और बैठक में विधायक दल के नेता को ससम्मान बुलाता था। बैठक में प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया जितेंद्र मिश्रा के ढाई-ढाई साल वाले सवाल पर जमकर फटकार लगाई। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री की बातों से पुनिया भी सहमत दिखे। वहीं बैठक में जेपी श्रीवास्तव ने अनुशासनहीनता का मामला उठाया, इस पर पुनिया ने साफ कहा कि यह पार्टी देखेगी। अभी तक प्रदेश में कोई भी बैठक या कार्यक्रम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विचार में लाए बिना नहीं होता था। इस बार ट्रेंड चेंज होने पर मुख्यमंत्री की नाराजगी जायज है। पीसीसी चीफ को भी अपनी गलती का एहसास हो गया, इसलिए बैठक में सबके सामने सीएम से माफी मांगने में देरी नहीं की। राजनीतिक जानकारों को जब यह खबर मिली तो तिल का ताड़ बनाना शुरू कर दिया है। राजीव भवन में ही चर्चा होने लगी थी कि मुख्यमंत्री बघेल ने मोहन मरकाम को फ्री हैंड काम करने की जिम्मेदारी सौंपी दी है जिसका परिणाम है। हाल ही में प्रदेश कांग्रेस में पदाधिकारियों की नियुक्ति को लेकर पीसीसी चीफ असंतुष्टों के हिट लिस्ट में आ गए है। वहीं गुरुवार को मुख्यमंत्री को बिना बताए कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर किरकिरी करा ली है।

### गोवा में शाह ने रखा राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विवि की आधारशिला

## सीमा पार से आतंकवाद का भारत अब दे रहा है मुंहतोड़ जवाब : शाह

वार्ता ◄ पणजी
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि भारत अब किसी भी तरह की आतंकी गतिविधियों के खिलाफ मुंहतोड़ जवाब दे रहा है और कश्मीर घाटी में पिछले दिनों निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने ढेर कर दिया है। गोवा में राष्ट्रीय फॉरेन्सिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) की आधारशिला रखने के बाद शाह ने कहा कि भारत अब आतंकवादियों की हर गतिविधियों के खिलाफ मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। गृह मंत्री ने साल 2016 में भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक का भी जिक्र किया, जब भारतीय सेना के जवानों ने सीमा पार से हुए श्रृंखलाबद्ध आतंकी हमलों पर जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तानी क्षेत्र में घुसकर हमलावरों को ढेर किया था। सर्जिकल स्ट्राइक से दुनियाभर को संदेश मिला कि भारतीय सीमाओं के साथ कोई भी छेड़खानी नहीं कर सकता। केंद्र में पिछली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार पर तंज कसते हुए गृह मंत्री ने कहा कि पहले जब आतंकी सीमाओं का उल्लंघन कर देश में अशांति फैलाते थे, तब दिल्ली में सत्तारूढ़ सरकार कुछ नहीं किया करती थी। हालांकि, भाजपा के सत्ता में आने के बाद जम्मू और कश्मीर के ऊरी में आतंकियों के हमला करने के बाद भारतीय सेना ने 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकवादियों को कड़ा सबक सिखाया था। पाकिस्तान का नाम लिए बिना शाह ने कहा कि पहले सिर्फ वार्ताएं हुआ करती थीं, लेकिन अब भारत उसी लहजे में जवाब देने लगा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और पूर्व रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर के नेतृत्व में की गई सर्जिकल स्ट्राइक एक महत्वपूर्ण कदम था। हमने संदेश दे दिया था कि भारत की सीमाओं पर कोई अशांति नहीं फैला सकता है। पहले सिर्फ बातचीत हुआ करती थी, लेकिन अब जवाब दिया जाता है। शाह का यह बयान ऐसे समय में आया है जब कश्मीर घाटी में आतंकी गतिविधियों में बढ़ोतरी के बाद कई नागरिकों की हत्याओं ने भय पैदा कर दिया था।

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में महिलाओं की भागीदारी जरूरी : राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में महिलाओं की भागीदारी जरूरी है और उनके बिना इसे नहीं जीता जा सकता। पाकिस्तान और चीन का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि 'नॉन स्टेट एक्टर्स' और 'गैर जिम्मेदाराना देश आतंकवाद का हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। श्री सिंह ने गुरूवार को यहां रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित शंघाई सहयोग संघ (एससीओ) के एक वेबिनार में सशस्त्र सेनाओं में महिलाओं की भूमिका पर बोलते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में महिलाओं की भूमिका जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई क्षेत्र या किसी देश की केवल आधी आबादी यानी पुरुषों के द्वारा ही नहीं जीती जा सकती इसमें महिलाओं की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि एस सी ओ देशों के सभी नागरिकों को आतंकवाद के साझा खतरे से मिलकर निपटना होगा और महिलाएं भी सशस्त्र सेनाओं में तथा उससे बाहर भी दोनों जगह इसमें समान योगदान देंगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि सुरक्षा की अवधारणा में आमूलचूल बदलाव आया है। युद्ध के स्वरूप बदलने के कारण यह खतरा हमारी सीमाओं से लेकर समाज के भीतर तक पहुंच गया है।

## लोगों को बेहतर इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा : ज्योतिरादित्य

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जिला चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लांट व 20 बिस्तरीय आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाई) का लोकार्पण किया एवं सीटी स्कैन मशीन की स्थापना के लिए भूमिपूजन किया। सिंधिया ने इस मौके पर कहा जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होने से मुरार क्षेत्र के लोगों को अब बेहतर स्वास्थ सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। मुरार अस्पताल के उन्नयन के लिए प्रदेश सरकार ने हाल ही में 20 करोड़ रूपए की धनराशि मंजूर की है। जिला चिकित्सालय मुरार (ग्वालियर) में आधुनिक चिकित्सा सेवाओं के नए आयाम जुड़े हैं। सिंधिया ने कहा कि अगले 50 वर्षों की आवश्यकता को ध्यान में रखकर जिला चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की गई है। साथ ही आधुनिक गहन चिकित्सा इकाई व सीटी स्कैन सहित अन्य सुविधायें जुटाई गई हैं। अस्पताल में बिस्तरों की संख्या भी बढ़ाई जा रही है, जिसके लिये धनराशि मंजूर हो चुकी है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि जिला चिकित्सालय मुरार के उन्नयन के लिये प्रदेश सरकार ने 20 करोड़ रूपए की धनराशि स्वीकृत की है। चिकित्सालय में बच्चों के लिये भी गहन चिकित्सा इकाई का निर्माण कराया गया है। अगले दो महीने के भीतर सीटी स्कैन मशीन लग जायेगी। प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में 230 ऑक्सीजन प्लांट स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 166 ऑक्सीजन प्लांट शुरू हो गए हैं। इनमें ग्वालियर के 4 ऑक्सीजन प्लांट शामिल हैं। सिविल हॉस्पिटल हजीरा का भी आधुनिकीकरण और उन्नयन प्रदेश सरकार करा रही है। सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि मुरार जिला चिकित्सालय में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार मुरार एवं उससे जुड़े ग्रामीण इलाके के लोगों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जिला चिकित्सालय मुरार एवं सिविल हॉस्पिटल हजीरा में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु धनराशि स्वीकृत करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी के प्रति आभार जताया।


# न्याय सब्बो बर : सब्बो डहर

राजीव युवा मितान क्लब छत्तीसगढ़

# राजीव युवा मितान क्लब

- ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों में 13,269 क्लबों का गठन
- प्रत्येक क्लब को प्रति वर्ष 1 लाख रू. का अनुदान
- रचनात्मक सामाजिक-सांस्कृतिक व सेवा भावना से होंगे ओतप्रोत



"छत्तीसगढ़ में युवाओं को रचनात्मक योगदान हेतु प्रेरित करने के लिए 13,269 क्लबों का गठन एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगा। नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में युवा ऊर्जाकी बड़ी भूमिका सुनिश्चित की जाएगी। वहीं युवाओं के न्याय और सशक्तिकरण की दिशा में यह क्लब बड़ी भूमिका निभाएंगे।

– भूपेश बघेल मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ शासन

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

बात है अभिमान के छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के

संवाद - 28969/5


भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष,
प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, राजनांदगांव के
लोकप्रिय लाडले विधायक
डाक्टर रमन सिंह जी
को जन्मदिवस की अनंत शुभकामनाएं
किशुन यदु
नेता प्रतिपक्ष
सौजन्य :- भाजपा पार्षद दल नगर पालिक निगम राजनांदगांव


भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
मान. डॉ. रमन सिंह जी
को जन्मदिन की अपार असीम
अनंत मंगलकामनाएं
Happy Birthday
अशोक देवांगन (मामा)
सभापति
संचार एवं संकर्म, जिला पंचायत राजनांदगांव
राजकुमारी देवांगन
सरपंच
ग्राम पंचायत सुकुलदैहान


भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
मान. डॉ. रमन सिंह जी
को जन्मदिन की अपार असीम
अनंत मंगलकामनाएं
अरूण साहू भाजयुमो नेता, राजनांदगांव


जीवेत् शरदः शतम्
भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
मान. डॉ. रमन सिंह जी
को जन्मदिन की अपार असीम
अनंत मंगलकामनाएं
अरुण यादव
सदस्य-कृषि, शिक्षा, खनिज, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता
समिति, जिला पंचायत-राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)


जीवेत् शरदः शतम्
भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री,
राजनांदगांव विधानसभा के लोकप्रिय जननायक
विधायक डाक्टर रमन सिंह जी
को जन्मदिवस की असीम
अनंत बधाई व शुभकामनाएं
भावेश बैद
वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी
राजनाँदगाँव

# ज्योत जंवारा विसर्जन करने देवी भक्त पहुंचे छिन्दतालाब, नम आंखों से दी विदाई



पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

बुधवार को अष्टमी हवन पुजन पश्चात आज नवमी को नगर के पुराने मंदिर मां शितला में बोय गए ज्योत जंवारा का नगर के छिन्दतालाब में नम आंखों से विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने काफी मायूसी के साथ ज्योत जंवारा को विदा कर सुख समृद्धि और निरोग रहने की कामना की। शितला मंदिर से छिन्दतालाब जाने वाले मार्ग में देवी भक्त एवं नगरवासी मार्ग के दोनों किनारे खडे होकर जंवारा को देखकर जयकारा लगाते रहे वहीं ज्योत जंवारा का जगह जगह पुजा अर्चना करते रहे। माता के सेवा जसगीत गाते ढोल मंजीरा के साथ एक तरफ जहां सेवक झुप रहे थे तो दूसरी ओर सिर पर जंवारा लिये युतियां महिलाएं की टोली कतार बध्द होकर चल रही थी। बीच बीच में कई ऐसे देवी मां के भक्तिन युतियां महिलाएं थी जो इस दौरान जमीन पर लजट कर अपनी श्रद्धा प्रकट कर रही थी।



## माता रानी की पूजा अर्चना कर मूर्तियों का विसर्जन

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

नगर सहित अंचलों में इस वर्ष नवरात्रि की धूम मची हुई थी। नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना में भक्तगण लीन हो गये थे। ग्राम बिलाड़ी में तीन जगहों पर माँ दुर्गा की प्रतिमाएं विराजमान थी। वही गुरूवार को नवमीं के दिन माँ शेरावाली को समिति के सदस्यों द्वारा माँ दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई थी। विसर्जन के उपरांत जय माँ भवानी दुर्गोत्सव समिति के सदस्यों ने माँ दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जन के पूर्व मांदर की थाप में सेवा समितियों द्वारा सेवाजस गीत गाते हुए और युवा वर्ग वह छोटे छोटे बच्चों द्वारा सांग को अपने जीभ में धारण किया गया था और नौ देवी दुर्गोत्सव समिति, सातीदाई दुर्गोत्सव समिति बिलाड़ी के सदस्यों द्वारा माता रानी को नम आंखों से बिदा करने के पश्चात गांव के महामाया मंदिर में माता की पूजा अर्चना की गई और मांदर की थाप में सेवा समिति के सदस्यों दवारा माता रानी की प्रतिमाओं को गांव के मुख्य मुख्य चौक चौराहों से जसगीत गाते हुए मां को बिदा किया गया। वही जसगीत में कुछ महिलाएं देवता भी चढ़े हुये थे। माँ दुर्गा की प्रतिमाएं को मांदर की थाप में जसगीत गाते हुए भमण कराते हुए गांव के ही गतवा तलाब में माँ दुर्गा की विधिव्रत पूजा अर्चना कर विसर्जन किया गया। माँ की जयकारे से पूरा गांव भक्तिमय में डूब गया सैकड़ों की संख्या में ग्राम वासियों की उपस्थिति भी थी। समापन के बाद लोगों को प्रसाद वितरण किया गया।

# पेड़ पर फल सीमित है और उसकी चाह रखने वाले ज्यादा पर आपको निराश नहीं करूंगा : अमितेश



पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

लिपिक संघ के वार्षिक सम्मेलन भूमि पूजन एवं सेवा निवृत्त कर्मचारियों के सम्मान समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक अमितेश शुक्ल ने विलंब से पहुंचने पर खेद व्यक्त करते हुए सभा को संबोधित किया। शुक्ल ने कहा कि लिपिकों का शासन प्रशासन की प्रत्येक योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में योगदान रहता है! लिपिकों को नियमों का अच्छा ज्ञान रहता है उनके कार्य एवं मार्गदर्शन में हैं प्रत्येक योजना धरातल पर फलीभूत होती हैं पर जहां गरीबों की सेवा या पुण्य कमाने का अवसर प्राप्त हो वहां नियमों को शिथिल कर जनहित का कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान दीपयंती तिवारी द्वारा प्रशंसा पत्र तथा संतोषी सागर जांगड़े द्वारा मुख्य अतिथि को संबोधित करते हुए कहा की बच्चा पेड़ से फल तोड़ना चाहता है, फल मीठा हो तो वह उस पेड़ को नहीं भूलता। वह अपने लिए और भी मीठे फल की चाह रखता है। आपसे हमें लिपिक सदन के रूप में एक सुभीता प्राप्त हो चुकी है आने वाले निकट समय में कार्यालय इन व्यवस्था हेतु फर्नीचर आदि की आवश्यकता होगी। अतः फर्नीचर आदि के लिए 3 लाख प्रदान करने की घोषणा कर हमें अनुग्रहित करने का कष्ट करेंगे का निवेदन करते हुए मांग पत्र का वाचन किया गया। इस पर शुक्ल ने कहा कि पेड़ पर सीमित फल लगे हैं, पर फल की चाह रखने वाले ज्यादा है पर आपको निराश नहीं करूंगा कहकर लिपिक संगठन गरियाबंद को 1 लाख रुपए फर्नीचर क्रय के लिए प्रदान करने की घोषणा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष गफ्फू मेमन द्वारा किया गया जिसमें प्रमुख रुप से कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष भाव सिंह साहू नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके आसिफ मेमन राजेश साहू वंश गोपाल सिन्हा कृष्ण कुमार शर्मा सन्नी मेमन छगन यादव लिपिक संघ की ओर से प्रांतीय महामंत्री सुदामा ठाकुर जिला अध्यक्ष पन्नालाल देवांशी बसंत मिश्रा दुर्गा ध्रुव देवेश शर्मा श्याम तिवारी यशवंत धीवर अनिल सोनी एमके नागेश एन लकड़ा भगवती धीवर सपना मिश्रा एडरीना डेविड सुभद्रा पांडे शिखा देवांगन पुन्नी साहू चंद्रभान सिंह ठाकुर दाने शंकर शर्मा केएन उपाध्याय बाई देवदास एसके अग्रवाल मना राम वर्मा संतोष कुमार द्विवेदी आरके धनकर पंचराम साहू परमानंद पटेल तीरनाथ नायक पुरुषोत्तम चंद्राकर दुष्यंत साहू तीरथ देवदास विवेक टेमरे युवराज कुटारे अमृत सिंह ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# आतिशबाजी के साथ विजयदशमी पर 20 फीट का रावण दहन होगा

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



15 अक्टूबर विजयदशमी का पर्व इस वर्ष भी कोविड-19 के नियम परिपालन के बीच मनाने की अनुमति पालिका प्रबंधन दे दी है। गौरतलब है कि रामलीला का मंचन दूसरे वर्ष नही होने के बाद रावण दहन पर संशय का बादल मंडरा रहा था परंतु नगर पालिका परिषद के पीआईसी की बैठक में फैसला लिया गया की कोरोना कॉल के दूसरे वर्ष में भी कोविड नियम का परिपालन के साथ दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। जो की रावण भाटा मैदान में इस उत्सव की तैयारी शुरू हो चुका है। 20 फीट ऊंचे रावण के पुतले के लिए ऑर्डर भी दिए जा चुके हैं आतिशबाजी के साथ संपन्न होने जा रहा विजयदशमी का पर्व मनाने की मंजूरी मास्क सैनिटाइजर की शर्त पर दी गई हैं कोविड-19 परिपालन की शर्त पर विजयदशमी का पर्व हथनीपारा रावण भाटा मैदान में मनाया जाएगा पीआईसी ने इसकी मंजूरी दे दी है।

**पालिका प्रशासन के लिये चुनौती या कोरोना गाईडलाईन मात्र औपचरिकता :** दशहरा उत्सव के लिये नगर पालिका के पीआईसी ने तो कोरोना प्रोटोकॉल के अंतर्गत मंजूरी दे दी है परंतु नगपा पीआईसी के यह सबसे बडा चुनौती है की लगभग 20 हजार अधिक संख्या मे दशहरा उत्सव मे शामिल होने वाले भीड को पालिका प्रशासन कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करा पाने मे सफ्ल हो पायेगा? यह सवाल उठना इस कारण लाजिमी है कि वर्तमान मे नो दिन चले नवरात्र में कही पर कोई प्रोटोकॉल का पालन नही हो पाया प्रायः अधिकांश दुर्गा पंडालों व मंदिरों मे कई सैकडो की भीड़ बिना मास्क व सैनिटाइजर के साथ देखे गये और इसको लेकर रोक टोक भी नही होने से प्रोटोकॉल के पालन को लेकर लोगों मे कही कोई बाध्यता नही देखा गया, उस नजरिये को ध्यान मे रखते हुये दशहरा उत्सव मे कोरोना प्रोटोकॉल का पालन कराया जाना किसी औपचरिकता या चुनौती से कम नही आका जा सकता। इसी सम्बंध मे नगपा उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा ने आम नागरिकों से अपील किया है की दशहरा पर्व पर रावण दहन को लेकर रावण भाटा पहुचने वाले श्रध्दालुजन कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुये मास्क व सैनिटाइजर के साथ ही पहुंचे व सोशल डिसटेंशन का पालन करे।

# कोरोना से मृत 100 व्यक्तियों के आश्रितों के लिए 50 लाख की सहायता

■ अब तक कुल 150 व्यक्तियों के लिए कुल 75 लाख स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कोरोना से मृत व्यक्तियों के निकट परिजनों के लिए 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। जिसके तहत प्रत्येक हितग्राहियों को 50-50 हजार रुपए प्रदान की जाएगी।कलेक्टर सुनील कुमार जैन के मार्गदर्शन में आज में आज सीडेक की बैठक रखी गयी। जिसमें 100 हितग्राहियों के प्रकरणों पर विचार विर्मश कर स्वीकृति प्रदान की गई है।गौरतलब है कि कोरोना से मृत व्यक्ति के मामले की छानबीन के लिए अपर कलेक्टर राजेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में 4 सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति सदस्यों में सीएचएमओ डॉ खेमराज सोनवानी,सिविल सर्जन डॉ राजेश अवस्थी एवं न्यू कोविड हॉस्पिटल प्रभारी डॉ राकेश प्रेमी शामिल है। आज जिन 100 हितग्राहियों को स्वीकृति दी गयी है। जिसमें सिमगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम जरौदा से चंद्रिका बाई,पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम जारा से हेमनाथ साहू,ससहा से गेंदीबाई विश्वकर्मा, दतान से दिनेश फेकर,सुनीता रजक, जयप्रकाश रात्रे, शैला वर्मा, हरिनभट्ठा से टिकेश्वर कन्नौजे, खैरा से प्रेमलता धीवर, खरतोरा लता साहू,जवे से कुशल चंद्रवंशी,अमेरा से विमला बाई पटेल, तेलासी से फुदरिया जांगड़े,पलारी नगर से रानी वर्मा,शैलेन्द्र कुमार, देवसुन्द्रा से विमला बाई,तिजमती धीवर, गिर्रा से शेषनारायण वर्मा,तमोरी से रूपेन्द्र कुमार आडिल,वटगन से हीरामत बाई वर्मा, कोसमंदी धनेन्द्र साहू, भवानीपुर से रूखमणी साहू,बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पनगांव से सुकलहा रात्रे, भाटापारा अंतर्गत ग्राम बोरसी जितेन्द्र डहरिया, परसवानी अ से सम्मत बाई, बो?तरा से वीरेन्द्र, संगीत अनंत, भागसिंह अनंत, कडार से संतोष, अनुसुईया वर्मा, तरेंगा से परमानंद देवांगन, निपानिया से अनंत कुमार, सीता बाई वर्मा, जनक राम, अर्जुनी से कल्याणी देवी, हसदा से रामाधीन डहरिया, बिन्द्री से सोनमती वर्मा, खैरी से लोकेश्वरी कंवर, भाटापारा नगर से द्रोपती जायसवाल, बसंत खत्री, हेमंत केशरवानी, दीपक राय, स्वाति तिवारी, उमा ध्रुव, आयशा खान, आरती भागवानी, उत्तम कुमार साहू, रमेश कुमार बरवाड़, कोमल धुव, प्रदीप बंजारे, भगवान भोजवानी, उमेश कुमार टंडन, उदल राम वर्मा, सुमेधा असवले, लखन लाल जायसवाल, कन्हैया पाल, रीना बाघ,बबीता मडामे, सतीश कुमार, हेमलता ठाकुर, ममता साहू,आशीष केशरवानी, रेणुका देवी ठाकुर, सत्यनारायण साहू, सेवती बाई पैकरा, शोभादास साहू, चमेली विनायक,हिरमत बाई साहू, प्रीति अग्रवाल, पुष्पलता अग्रवाल, मीना वर्मा,देवकी वर्मा,सुखम बाई साहू, शैलेष तिवारी खपरी एस से उर्मिला साहू, राजपुर से तारादेवी, टोनाटार से हीरामणि नेताम, जरहा से सीमा वर्मा, गुर्रा से प्रीति सोनी, नयापारा से पूनम गौराहा,अकलतरा से छोटेलाल मिरी, दिनेश कुमार, पवन कुमार सोनी, परसवानी क से सुमित्रा, बोरसी ब हीरा आडिल, खैरी से डोमार वर्मा, गोगिया से साखीन बाई, खैरी क हेमलता ध्रुव, निपनिया से अशोक गुप्ता, कैथी से नीलमणि, टोपा से नर्मदा बाई साहू,लच्छनपुर से ज्योत्सना गायकवाड़, देवरी से ईश्वरी वर्मा, लेवई से व्यासनारायण कोसले,ओटेबन से नारायण घृतलहरे,ढाबाडीह से चंपा साहू, मिरगी से अशोक साहू, मोपका से सकुन बाई साहू,बिलाईगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पवनी से दरसबाई खुंटे,देवेन्द्र नगर रायपुर से सुनंदा हलदार शामिल है। इस तरह अब तक सीडेक समिति द्वारा कुल 150 हितग्राहियों को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है।

# उन्नति यादव ने सीएस बनकर बलौदाबाजार जिले का नाम रौशन किया

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



बलौदाबाजार के ग्राम पनगांव के यादव परिवार की लड़की ने सीएस बनकर बलौदाबाजार जिले का नाम रौशन किया है । बलौदाबाजार के व्यवसायी राम जी यादव की सुपुत्री उन्नति यादव का चयन कंपनी सेक्रेट्री के रूप मे हुआ है । जिससे पूरे बलौदाबाजार जिले में खुशी का माहौल है तथा बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है । उन्नति यादव की शिक्षा बलौदाबाजार के सेक्रेड हार्ट इग्लिश मिडियम स्कूल एवं हायरसेकेडरी परीक्षा डी ए व्ही स्कूल सोनाडीह से हुई है इसके बाद वे सीएस की तैयारी कर रही थी जिसमें उन्हें सफलता प्राप्त हुई । उन्नति यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता अंजु यादव एवं पिता राम जी यादव को दिया जिन्होंने लगातार उनका उत्साह बनाये रखा और प्रोत्साहित करते रहे । इसके अलावा सेक्रेड हार्ट स्कूल डी ए व्ही स्कूल के प्राध्यापक गण के साथ ही एक्सल इंस्टीटयुट के शिक्षको को दिया जिनके कुशल मार्गदर्शन से आज वे इस मुकाम तक पहुच पाई है ।

उन्नति यादव ने बताया कि उनका छोटा भाई उज्जवल यादव भी अभी सीएस की पढाई कर रहा है । उन्नति यादव के चयन होने पर उनके धर परिवार में खुशी का माहौल है उनके चयन होने पर उनके परिवार वालो के साथ ही सेक्रेड हार्ट स्कुल की प्राचार्य सहित डी ए व्ही स्कुल के अध्यापको ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

# सीईओ जनपद के पद पर विभागीय अधिकारियों की हो पदस्थापना

■ विकास विस्तार अधिकारी संघ के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पद पर पदस्थापना में गैर विभागीय अधिकारियों के स्थान पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में कार्यरत अधिकारियों को प्राथमिकता दिए जाने की मांग लेकर मंगलवार को जिला विकास विस्तार अधिकारी संघ के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर निलेश क्षीरसागर और जिला सीईओ संदीप अग्रवाल से मुलाकात कर अपना ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में रामस्वरूप साहू, डीके शांडिल्य, डीएस नागवंशी व जेके गजभिये शामिल रहे। प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि जिले में जनपद पंचायतों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर गैर विभागीय अधिकारी कार्यरत हैं। जिससे वर्षो से विभाग में सेवा दे रहे विकास विस्तार अधिकारियों को मनोबल भी गिरा है।

जिले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 10 विकास विस्तार अधिकारी अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी पदस्थ हैं। जो मूल रूप से विभाग के अधिकारी हैं और जिन्हें विभागीय कार्यों के संचालन का वर्षो का लंबा अनुभव है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अनुपस्थिति में कार्यालय संचालन के दायित्व निर्वहन भी उनके द्वारा किया जाता रहा है। विकास विस्तार अधिकारी वर्तमान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के दायित्वों का संपादन किया जा रहा है इसके साथ ही विकास विस्तार अधिकारियों द्वारा विभिन्न जनपद पंचायतों में प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं जिला पंचायतों में सहायक परियोजना अधिकारी के दायित्वों का निर्वाह किया जा रहा है। इनके कार्य दायित्व एवं अनुभव के आधार पर विकास विस्तार अधिकारी को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पर सुचारू संचालन हेतु उचित होगा। कलेक्टर ने प्रतिनिधि मंडल की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और जल्द ही इस पर उचित कार्यवाही का आश्वाशन दिया।

## कला और संस्कृति के विकास में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष भूमिका : चंद्रशेखर साहू

# भक्ति गीतों और देवी जसगीतों के माध्यम से समूचे क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





नवरात्रि के पावन पर्व पर संस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची है। भक्ति गीतों और देवी जसगीतों के माध्यम से समूचे क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार किया जा रहा है वहीं अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से कलाकारों को भी मंच प्रदान किया जा रहा है।

क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोहरसी में भी माँ नवदुर्गा महालक्ष्मी परिवार द्वारा बजरंग चौक में राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू एवं अध्यक्षता जनपद सदस्य दीपक साहू ने की। विशिष्ट अतिथि करारोपण अधिकारी नूतन साहू, पूर्व सरपंच घनश्याम पटेल, सरपंच प्रतिनिधि शिवकुमार ध्रुव शामिल हुए।सांस्कृतिक संध्या में उपस्थित विशाल जनमानस को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि दिन प्रतिदिन निरंतर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से लोक कलाकारों को बेहतर मंच मिल रहा है जिससे उनकी छिपी हुई प्रतिभा का विकास होता है। हमारे अंचल में प्रतिभा की कमी नहीं है,हमारे युवा साथियों के अनुपम प्रयासों से अब प्रतिभागियों को स्थान मिल रहा है जिससे नई प्रतिभाओं को उचित स्थान मिल रहा है। छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति के उत्थान के लिए ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों ने विशेष भूमिका निभाई है। ऐसे निरंतर कार्यक्रमों और नवाचारों के लिए युवा साथियों और ग्रामवासियों का प्रयास सराहनीय है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने मैं मुख्य रूप से गिरवर लाल यादव, रिपुसूदन निर्मलकर, देवेंद्र साहू, उपेंद्र ध्रुव, गोविंदा निर्मलकर, नेतराम पटेल, नूतन पटेल, लिखन साहू, संतोष साहू, हेमंत साहू, गोपाल यादव, योगेश साहू, मनोज देवदास, धर्मेंद्र यादव, विजय पटेल, लक्ष्मीनारायण तिवारी, देवलाल साहू, हलधर पटेल के साथ समिति के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम की सफलता का अहसास इसी बात से लगाया जा सकता है कि लोगों की ऐतिहासिक भीड़ रात्रि 8.30 बजे से रात्रि 2.30 बजे तक बनी रहीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन सुबह 3.30 बजे हुआ। निर्णायक मंडल जिसमें धर्मेंद्र कुमार यादव,कोमल ठाकुर, कमलेश कौशिक, पुष्कर प्रसाद तिवारी, हलधर पटेल के द्वारा विभिन्न विधाओं में प्रतिभागियों का चयन किया गया जिसमेंइस प्रतियोगिता में एकल प्रथम अंजली दीवान रायपुर, द्वितीय बजरंगी दुलना, तृतीय प्रेम सुमन कचना तथा समूह नृत्य याराना डांस ग्रुप बोडरा, युवा साथी पोड, साई ग्रुप किरवई,एवं युगल नृत्य में मौली माता फिंगेश्वर, सावरिया डांस चारामा, राजू नंदनी दुगली रही निर्णायक मंडल द्वारा सर्वसम्मति से चुना गया। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया साथ ही सभी प्रतिभागी को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया।

# जशपुर रजिस्ट्रार ऑफिस में लगा ताला, अधिकारी छुट्टी पर गए

# शुभ मुहूर्त पर रजिस्ट्री प्रभावित, शासन को लाखों का नुकसान

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




14 आवदकों ने रजिस्ट्री प्रभावित होने का आरोप लगाकर तबादला की मांग की

नवरात्रि के शुभ अवसर पर जहां एक ओर बाजार में नई वस्तुओं की खरीदी को लेकर लोगों में उत्साह होता है और बाजार में तेजी दिखाई देती है जिससे लाखों-करोड़ों का कारोबार होता है और ठप पड़े व्यवसाय में रौनक आने की उम्मीद जगती है। जमीन खरीद-बिक्री के लिए भी धर्मावलंबियों के द्वारा नवरात्र को शुभ माना जाता है और जमीन खरीद-बिक्री की जाती है। इस कार्य से शासन को भी बड़ा राजस्व प्राप्त होता है। लेकिन जशपुर जिला मुख्यालय में इस शुभ मुहूर्त के दौरान रजिस्ट्री कार्यालय में ताला लगा है। शुभ मुहूर्त में जमीन खरीदने की ख्वाहिश रखने वालों के निराश हैं और उसके साथ ही बिक्री करने वाले भी निराश हैं। कोरोना संक्रमण की वजह से ठप पड़ा रियलस्टेट मार्केट के कारोबारियों को भी सहारे की जरूरत है। वहीं शुभ मुहूर्त के दौरान खरीदार होने के बावजूद शासकीय कार्यालय में ताला लगे होने की वजह से व्यापार प्रभावित होने की बात कही जा रही है। इस समस्या को लेकर प्रॉपर्टी डिलिंग का कार्य करने वाले 14 लोगों ने रजिस्ट्रार रायगढ़ को जशपुर उप रजिस्ट्रार का तबादला करने के संबंध में पत्र लिखा है।

**टाल-मटोल का आरोप-** रजिस्ट्रार रायगढ़ को लिखे पत्र में कारोबारियों ने उप रजिस्ट्रार जशपुर बनवाली कश्यप पर आरोप लगाते हुए कहा कि रजिस्ट्री संबंधित समस्त दस्तावेज होने के बावजूद कुछ न कुछ बहाना बनाकर रजिस्ट्री को बेवजह टाला जा रहा है। अधिक से अधिक दस्तावेज की मांग कर आवेदकों को परेशान किया जा रहा है।

**दूर दराज से आते हैं ग्रामीण -** आवेदकों ने कहा कि जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए दूर-दराज गांव से ग्रामीण आते हैं और काम न होने की वजह से बैरंग निराश होकर वापस लौट जाते हैं। कार्यालयीन दिवस में कार्यालय में ताला लगा दिया गया है जिससे लोग परेशान हैं।

**दूसरे रजिस्ट्रार की मांग -** आवेदकों ने रजिस्ट्रार रायगढ़ को लिखे पत्र में वर्तमान उप रजिस्ट्रार जशपुर का तबादला कर दसरे उप रजिस्ट्रार को पदस्थ करने की मांग की है। उनका कहना है कि वर्तमान रजिस्ट्रार के आने से कार्य अत्यधिक प्रभावित हो चुका है।

### इन्होंने दिया आवेदन

1. संजय सोनी
2. रूपेश सोनी
3. ओम तिवारी
4. देवेंद्र गुप्ता
5. सफदर हुसैन
6. अमरदीप चौरसिया
7. सत्येंद्र सिंह
8. राजकुमार ताम्रकार
9. मुकेश सोनी
10. समीर भगत
11. वरूण जैन
12. कृपाशंकर यादव
13. दिलीप साहू
14. सुरेश प्रधान

मैं भी इंसान हूं। मुझे भी स्वास्थ्य की समस्याएं आती रहती है। 12 से 14 तक छुट्टी में हूं। रजिस्ट्रार कार्यालय में कर्मचारियों की कमी है। मैं नया हूं इसलिए पुराने रिकॉर्ड को ढूंढ़ने में दिक्कत होती है। आम जनता की समस्याओं दूर करना पहली प्राथमिकता है। कार्यालय में उनके बैठने की व्यवस्था नहीं है, शौचालय नहीं है।

**बनवाली कश्यप**
**उप रजिस्ट्रार जशपुर**

## नवरात्रि मां दुर्गा के आराधना का विशेष पर्व मां की कृपा से हर कार्य में मिलती है सफलता : शकुंतला



पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

दुर्गा महाष्टमी के उपलक्ष्य में नगर पंचायत लवन स्थित आदिशक्ति माँ महामाया के मंदिर पहुँच कर कसडोल विधानसभा की लोकप्रिय एवं जनहितैषी विधायक सुश्री शकुंतला साहू ने विधिवत पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ राज्य की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना किये। इस पावन मौके पर विधायक ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए चर्चा की नवरात्रि का पर्व माँ दुर्गा का उपासना एवं आराधना का विशेष पर्व होता है।

नवरात्रि में सच्चे मन से किये गए पूजा एवं व्रत कभी निष्फल नहीं होता। माँ के मंदिर में मत्था टेकने मात्र से ही प्राणी के सारे संकट बाधाओ का नाश हो जाता है। माँ की विशेष कृपा है कि महाष्टमी के पावन पर्व पर माँ महामाया के दर्शन लाभ का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आगे चर्चा करते हुए बताया कि माँ से क्या मांगने के सवाल पर तो विधायक ने बताया कि माँ से कसडोल विधानसभा के जनता के अलावा छत्तीसगढ़ राज्य की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना किये जाने की बात बताए। विधायक के साथ कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष गुरुदयाल यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमर मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश पाण्डेय, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष मृत्युंजय वर्मा, अभिषेक पाण्डेय, नरेंद्र वर्मा, विनोद अनंत, मीडिया प्रभारी बनवारी बार्वे, एल्डरमैन मनोज पांडेय, एल्डरमैन गोपी साहू सहित पार्षदों की उपस्थिति रहा।

## वालफोर्ट हाइट्स फेज़ टू की लॉंचिंग बहुत जल्द

- **मध्य भारत का एकमात्र रेसीडेंशियल प्रोजेक्ट जहाँ है 5 एकड़ का विशाल पोडियम गार्डन और 100 से भी अधिक बेहतरीन सुविधाएं**

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की सबसे प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कम्पनी वॉलफ़ोर्ट ग्रुप लेकर आ रहे हैं वॉलफ़ोर्ट हाइट्स फेज़-2. वालफोर्ट ग्रुप के डायरेक्टर पंकज लाहोटी ने बताया कि यह एक मल्टिस्टोरी प्रीमियम रेज़ीडेंशियल प्रोजेक्ट है। जहाँ 2,3 बीएचके फ्लैट्स और 5 बीएचके पेंटहाउस शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट में 100 से भी अधिक एमेनिटीज हैं जो इसे सबसे ख़ास बनाती हैं। विशेष रूप से 5 एकड़ का पोडियम गार्डन, सबसे बड़ा क्रिकेट ग्राउंड, टेनिस कोर्ट, बास्केट बॉल, मनोरंजन और रिलेक्सेशन के लिए क्लब हाउस, स्विमिंग पूल, जिम और मल्टीपरपज लॉन इत्यादि जैसी सुविधाएं शामिल है। साथ ही यहां लोगों की सुरक्षा को भी विशेष ध्यान दिया गया है. प्रोजेक्ट की सभी एमेनिटीज बनकर तैयार हैं, ग्राहक साईट विजिट कर प्रोजेक्ट की वर्तमान स्थिति का जायजा ले सकते हैं। वॉलफ़ोर्ट हाइट्स फेज़-2 रायपुर के भांटागांव एरिया में वॉलफ़ोर्ट सिटी के सामने स्थित है. इस प्रोजेक्ट में ग्राहकों को वो सभी सुविधाएं मिलेंगी जो फ़ैसिलिटी एक प्रीमियम रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट के लिए जरुरी और सही है। वालफोर्ट ग्रुप हमेशा से ही अपनी गुणवत्ता, अपने ग्राहकों से किए वादों को पूरा करने और उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए जाना जाता है। कंपनी ने अभी तक जितने भी प्रोजेक्ट्स लाए हैं उन सभी में उन्हें ग्राहकों से शानदार भरोसा मिला है। वालफोर्ट हाइट्स फेज 2 रेरा, टाउन एंड कंट्री अप्रूव्ड प्रोजेक्ट है। वॉलफ़ोर्ट ग्रुप के डाइरेक्टर अर्पित पारख ने बताया कि हमने इस मल्टिस्टोरी प्रीमियम रेज़ीडेंशियल प्रोजेक्ट, वॉलफ़ोर्ट हाइट्स फेज़-2 में क्वालिटी का विशेष ध्यान रखा है। वॉलफ़ोर्ट हाइट्स फेज़-2 में लोगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए फ्लैट्स से लेकर पेंटहाउस के भी ऑप्शन उपलब्ध है. उम्मीद है कि पिछले प्रोजेक्ट्स की तरह इस बार भी हम ग्राहकों के विश्वास पर खरे उतरेंगे । इतनी सुविधाएँ और प्राइस रेंज देखकर हर कोई कहेगा सबकुछ यहीं है, वॉलफ़ोर्ट हाइट्स सही है। वॉलफ़ोर्ट ग्रुप पिछले करीब दो दशक से छत्तीसगढ़ की सबसे विश्वनीय रियल एस्टेट कंपनी है। इस ग्रुप के द्वारा लगभग 17 से अधिक रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स राजधानी रायपुर के अनेक लोकेशन्स लाए गए हैं जिन्हें सदैव ग्राहकों से बेहतरीन प्रतिसाद मिला है। वालफोर्ट ग्रुप के रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में सभी तरह की प्रॉपर्टीज़ जैसे प्रीमियम बंग्ले, लग्जरी अपार्टमेंट्स, कॉमर्शियल स्पेस एवं प्लॉटिंग प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। अपनी विश्वस्तरीय एमेनिटीज और क्वालिटी कंस्ट्रक्शन के चलते वॉलफोर्ट ग्रुप हमेशा हर वर्ग के ग्राहकों के लिए पहली पसंद रही है।

## पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने दण्डाधिकारी नियुक्त

**बेमेतरा।** कलेक्टर, एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोसकर संदीपान ने एक आदेश जारी कर दशहरा पर्व एवं मिलाद-उन-नबी पर्व को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिले के सभी चार अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को अपने अपने अनुविभाग के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी पुलिस विभाग से समन्वय बनाकर अपने अपने क्षेत्र में सत्त निगरानी करेंगे। जारी आदेश के अनुसार बेमेतरा अनुविभाग के लिए दुर्गेश वर्मा, एसडीएम साजा के लिए धनराज मरकाम एसडीएम, नवागढ़ के लिए विश्वास रॉव मस्के एसडीएम एवं बेरला के लिए संदीप ठाकुर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को दायित्व सौंपा गया है। पर्व के दौरान सावधानी बरतते हुए चॉक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किया जावें। संवेदनशील स्थानों एवं चौक-चौराहों पर सत्त निगरानी रखी जावें।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में स्वच्छता पर कार्यशाला

**बेमेतरा।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत कल कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा में अपशिष्ट से खुशहाली विषय वस्तु में स्वच्छता अभियान पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई । इस कार्यक्रम में अपशिष्ट पदार्थ जो व्यर्थ हैं किसी कार्य का नहीं है उनका अपघटन कर उन्हे पुनः कार्य में कैसे लाये इनके संबंध में बताया गया । साथ ही वर्मी कम्पोस्टिंग, वेस्ट डिकम्पोजर केप्सूल द्वारा जैविका खाद बनाने के तरीकों का पावर प्वाइंट के माध्यम से कृषकों के समक्ष रखा गया। साथ ही कृषकों को अपने वातावरण को स्वच्छ रखने हेतु स्वच्छता की शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर तोषण कुमार ठाकुर (मत्स्यकीय वैज्ञानिक), डॉ. एकता ताम्रकार (कीट वैज्ञानिक), डॉ. हेमन्त साहू (प्रक्षेत्र प्रबंधक), षिव कुमार सिन्हा (कार्यक्रम सहायक), पलाष चौबे व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधिक साक्षरता की थीम पर गरबा में बच्ची ने दी प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर भवन बलौदा बाजार में चल रहे गरबा प्रतियोगिता में एक 7 वर्षीय बालिका कुमारी वंशिका गुप्ता पिता वासु गुप्ता ने लोगों को न्याय के प्रति जागरूक करने के लिए विधिक साक्षरता से संबंधित थीम रखकर प्राप्त किया प्रथम पुरस्कार. बच्चे की थीम कुछ इस प्रकार की थी। 1.बेटी है तो कल है। 2.मध्यस्थता से विवाद निपटाये-खर्च , समय कटुता मिटाये। 3. विधिक साक्षरता हटाये दुर्बलता। 4.न्याय चला निर्धन के घर,घर-घर संपर्क अभियान! 5.दो तुम अब यह संदेश,नशा मुक्त होगा देश। 6.बेटी का सम्मान करो, सतयुग का निर्माण करो। वंशिका में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदा बाजार में संपर्क करने को कहा साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का दूरभाष नंबर 02727222230 पर भी संपर्क करने को कहा।




## भालेराव मैदान में नहीं किया जाएगा रावण दहन



पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com

भालेराव मैदान मे होने वाले दशहरा महोत्सव एवं रावण दहन का कार्यक्रम नहीं किए जाने का निर्णय समिति ने लिया है इस संबंध में विराट चांपा दशहरा महोत्सव समिति के संयोजक नागेंद्र गुप्ता ने बताया कि दशकों से आयोजित दशहरा महोत्सव एवं रावण पुतला दहन का कार्यक्रम पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी नहीं किया जाएगा क्योंकि अभी शत प्रतिशत टीकाकरण नहीं हो पाया है और साथ ही बच्चों का टीका लगना प्रारंभ नहीं हुआ है।

बच्चे अपने परिवार के साथ दशहरा मेला आने को उत्सुक रहते हैं उन्हें संक्रमण का जोख़िम बना हुआ है और साथ ही शासकीय गाइडलाइन की पालना भी मुश्किल है इन्हीं कारणों से यह निर्णय लिया गया है आगामी वर्षो में भव्य रुप से महोत्सव का आयोजन किया जाता रहेगा इसके लिए समिति संकल्पित है।

## शक्ति के प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित चैतन्य देवियों का दर्शन करने पहुंची शक्ति एसडीएम रेना जमील

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

शारदीय नवरात्र पर्व पर प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा संचालित केन्द्र - शक्ति कुंज में ब्रम्हकुमारी बहनों के द्वारा प्रदर्शित देवियों के जीवंत झांकी प्रदर्शनी के पंचम दिवस 13 अक्टूबर को अभ्यागतों में रेना जमींल (आई ए एस) - एस डी एम सक्ती, रामअवतार अग्रवाल, प्रीतम गबेल, चितरंजय सिंह पटेल - अधिवकता, श्रीमत्ती मंजुला अग्रवाल विनोद अग्रवाल - डायरेक्टर जिंदल वर्ल्ड, श्रीमत्ती सीमा अशोक बंसल, राहुल सराफ जयप्रकाश, पंकज महाराज, विजय अग्रवाल, सिविल कांट्रेक्टर अमरलाल अग्रवाल(गिरिराज), सरोज बहन सिंगनसरा ने ब्रम्हाकुमारी तुलसी बहन, मधु बहन, पुष्पलता बहन, शंकुतला बहन, साबित्री बहन, प्रतिभा बहन, कांति बहन के सान्निध्य में दीप प्रज्वलित किया एवं आचार्य पं राजेंद्र महाराज के द्वारा देवियों की भव्य आरती की गई।इस अवसर पर शक्ति कुंज केंद्र से जुड़े भाई बी के विमल, प्रेमशंकर, नरेश, राजेश, देव , मुकेश, सुभाष, आशीष आदि ने उपस्थित रहकर जीवंत देवियों का साक्षात आशीर्वाद प्राप्त किया। ब्रम्ह कुमारी बहनों ने कार्यक्रम में पधारे मुख्य अभ्यागत एस डी एम एवं उनके साथ अभ्यागतों को शक्ति कुंज में राज योग कक्षाओं तथा केंद्र के गतिविधियों, उद्देश्य व लक्ष्य को विस्तार से बताया, केंद्र संचालिका तुलसी बहन ने एस डी एम व साथी अतिथियों का स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन करते हुए राजयोग केंद्र में पुनः पथारने का आग्रह किया।



ज्ञात हो कि शक्ति शहर के बाराद्वार रोड में टेलीफोन एक्सचेंज के सामने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का स्वयं का भवन एवं योग केंद्र स्थापित है। जहां वर्ष भर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, तथा शक्ति शहर सहित आसपास के अंचल के काफी संख्या में लोग इस विश्वविद्यालय में पहुंचकर यहां कार्यक्रमों में शामिल होते हैं, तथा ब्रह्म कुमारी की बहनों द्वारा बड़ी ही आत्मीयता के साथ लोगों को कार्यक्रमों में आमंत्रित भी किया जाता है, एवं शहर में महाशिवरात्रि पर्व पर निकलने वाली शिव बारात में भी ब्रह्माकुमारी की बहनों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाले विभिन्न झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहती है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का मुख्य केंद्र माउंट आबू में स्थापित है, जहां पूरी दुनिया के लोग प्रतिवर्ष काफी संख्या में पहुंचते हैं एवं वहां शांति का अनुभव करते हैं।

## मोटोरोला ने रु 9,499 में लॉन्च किया अपना नया मोटो ई 40

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मोटोरोला ने अपने लेटेस्टई सीरीज डिवाइस, मोटो ई 40 को लॉन्च करने की घोषणा की। अपने किफायती सेगमेंट में उपभोक्ताओं को अधिकतम वैल्यू देने के उद्देश्य से, मोटो ई40 सेगमेंट में लीडिंग 90 इसकेबड़े 6.5 आईपीएस एलसीडी, एचडी. डिस्प्लेपर एक डिफरें शियेटे डपंच होल डिज़ाइन के साथ आता है जोकि उपभोक्ताओं के लिए एक नए लेवल पर इमर्सिव मनोरंजन को साथ लाता है। इसके अलावा, इसके 48 एमपी ट्रिपल कैमरा सिस्टम को किसी भी मोमेंट, किसी भी प्रकाश और किसी भी कोण के लिए बनाया गया है। क्वाडपिक्सेलतकनीक के साथ 48 एमपीसेंसर 4X बेहतर कम रोशनी सेंसिटिविटी के साथ आपको किसी भी रोशनी में तेज, अधिक वाइब्रेंट फोटोज देता है । बैकग्राउंड को धुंधला करने के लिए डेप्थ सेंसर मुख्य कैमरे के साथ प्रोफेशनल दिखने वाले पोर्ट्रेट के रूप में काम करता है। इसका डेडिकेटेड मैक्रोविज़न कैमरा आपको आपके विषय के 4X करीब लाता है, जिससे आप छोटी से छोटी डिटेल्स को भी देख पाते हैं जो कि आप एक स्टैंडर्डलेंस का उपयोग कर ने में चूक जाते हैं।

इसमें 5000 एमएएच की विशाल बैटरी है जो कि एक बार चार्ज करने पर 40 घंटे 2 तक चलती है साथ ही एक कस्टम निर्मित, 700 ऑक्टा-कोर चिपसेट है जो अपने ही सेगमेंट में असाधारण प्रदर्शन करता है, जिससे उपभोक्ता अपनी पसंदीदा कंटेंट का आनंद ले सकते हैं, और एक संपूर्ण मनोरंजन अनुभव के लिए लैग-फ्री गेमिंग और मल्टीटास्क का भी अनुभव ले सकते हैं।

## सचिव का स्थानांतरण रोकने की मांग बड़ी संख्या में सीईओ के पास पहुंचे सुरज़ुला के ग्रामीण

पायनियर संवाददाता ◄ मनोरा
www.dailypioneer.com



विकास खंड के ग्राम पंचायत सुरजुला में पदस्थ सचिव नईम खान का स्थानांतरण हो जाने से पूरे गांव के ग्रामीण पहुंचे जिला पंचायत और ग्रामीणों ने स्थानांतरण स्थगित करने की मांग लेकर जिला पंचायत सीईओ केएस मंडावी के पास पहुंचे। उन्होंने कहा कि वे वर्तमान सचिव नईम खान के कार्यों से संतुष्ट हैं और उन्हें अपने ही पंचायत में रखना चाहते हैं। आपको बता दें कि सचिव नईम खान अपने कार्यकाल में अबतक कोई ऐसा काम नही किया है जो ग्रामीणों को असंतुष्ट करे। अपने मेहनत, लगन और अपने कार्य के प्रति निष्ठा पूर्वक से ग्रामीणों का काम किया और ग्रामीणों को काम के प्रति उन्हें संतुष्ट किया। यही संतुष्टि के करण आज ग्राम पंचायत सुरजुला से गांव के लोग भारी संख्या में सचिव की स्थानांतरण रोकने के लिए जिला पंचायत जशपुर में आवेदन दिया और मांग किया गया कि वर्तमान में भी नईम खान को सचिव पद पर सुरजुला ग्राम पंचायत पर ही रखा जाए। दरअसल सरकार के नए नियमों के मुताबिक उनका स्थानांतरण किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है।

# विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवाओं के गांव पहुंचे विधायक और कलेक्टर, स्वास्थ्य शिविर लगाकर किया गया ईलाज और दी दवाइयां

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

विधायक जशपुर विनय भगत एवं कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल गुरूवार को बगीचा विकासखंड के ग्राम पकरीटोली पहुँच कर मृतकों के परिवार से भेंट कर घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्हें सांत्वना दिया। उन्होंने ग्रामीणों से समस्याओं के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री गणेश राम भगत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के एस मंडावी, एसडीएम बगीचा आकांक्षा त्रिपाठी, सीएमएचओ डॉ. पी सुथार, सीईओ जनपद बिनोद सिंह, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मनोरा संजीव भगत, सूरज चौरसिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



**कलेक्टर ने लिया संज्ञान में** - उल्लेखनीय है कि विगत दिवस बगीचा विकासखण्ड के ग्राम पकरीटोली में एक परिवार के परिजनों की आकस्मिक मृत्यु हो गई। जिस पर कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए मेडिकल टीम भेजकर ग्राम के सभी लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए। विधायक जशपुर भगत ने घटना के प्रति दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि पहा?ी कोरवाओं के विकास के लिए पाठ इलाकों एवं ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के माध्यम से आर्थिक लाभ पहुँचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं दोबारा घटित न हो इसके लिए ग्रामीणों का जागरूक होना आवश्यक है। लोग जागरूक होंगे तभी अपनी स्वास्थ्य के प्रति सजग होगे। लोगों के आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। भगत ने भी ग्रामीणों से प्रशासन की सहयोग की अपील की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री गणेश राम भगत ने भी संवेदना प्रगट की।

### पानी और मिट्टी की होगी जांच

कलेक्टर अग्रवाल ने घटित घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कारण जानने के लिए ग्राम के पेयजल व मिट्टी का नमूना जांच के लिए भेजने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों से गाँव की समस्याओं की जानकारी लेते हुए बिजली, पानी, राशन कार्ड, पेंशन भुगतान, रोजगार सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने ग्रामीणों को नदी, झरिया का पानी न पीने, पानी को उबाल कर पीने, उल्टी दस्त होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपना जांच कराने, मच्छर दानी का इस्तेमाल करने, जमीन में न सोने की समझाईश दी।

### जल जीवन मिशन जल्द पहुंचाएं

कलेक्टर अग्रवाल ने जल जीवन मिशन के तहत ऐसी दूरस्थ पहाड़ी कोरवा बसाहटों का सर्वे पूर्ण कराकर डीपीआर तैयार कर प्राथमिकता से जल्द से जल्द ऐसी बसाहटों में हर घर मे पेयजल की व्यवस्था करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी पंचायतों में ग्रामीण सचिवालय लगाकर स्थानीय स्तर पर ही ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए कहा। साथ ही पात्र लोगो का राशन कार्ड, जाति प्रमाणपत्र, आयुष्मान कार्ड, लोगो का टीकाकरण सहित अन्य कार्यो के लिए शिविर आयोजित करने की बात कही। उन्होंने क्षेत्र में भूमिगत जल स्त्रोतों स्तर बढ़ाने के लिए आस पास के क्षेत्रों का सर्वे कराकर नाला बंधान के कार्य कराने के लिए सीईओ जनपद को निर्देशित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सभी ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां प्रदान की।

## संपादकीय

# बिजली संकट

## मानवजनित कारक


**वर्तमान** बिजली संकट पूरी तरह मानव-जनित कारण से है। बढ़ी हुई मांग का पूर्वानुमान लगाया जा सकता था। इसमें नियोजन तथा क्षमता का प्रमुख स्थान है। स्थिति खतरनाक है क्योंकि कोयले का भंडार कम हो रहा है तथा कोल इंडिया, एनटीपीसी व भारतीय रेल बिजली कंपनियों तक कोयला पहुंचाने के सारे प्रयास कर रहे हैं। यह कोई गोपनीय बात नहीं है कि देश पर संकट क्यों आया। कोविड-19 के कारण लागू लाकडाउन से मांग में कमी आई थी। इसके बाद अनलाक में न केवल आवासीय, बल्कि औद्योगिक बिजली की मांग भी बढ़ गई। अगस्त, 2021 में भारत ने 124 बिलियन यूनिट बिजली उपभोग की जो 2019 से 17 प्रतिशत अधिक थी। दूसरा, पिछले दो महीने में भारत का कोयला आयात घटा तथा कोयले की अंतरराष्ट्रीय कीमतें चीन की मांग बढ़ने के कारण बढ़ीं। इसके परिणामस्वरूप बिजलीघरों ने कोयला आयात करना बंद कर दिया या बिजली उत्पादन घटा दिया। तीसरा, वर्तमान वित्त वर्ष की पहली दो तिमाहियों में ताप बिजलीघरों में कोयले का उपयुक्त संरक्षित भंडार नहीं था। चौथा, अगस्त व सितंबर में कोयला खदान वाले क्षेत्रों में भारी बरसात के कारण खानों से कोयले की सप्लाई घटने के कारण परेशानी बढ़ी। इन सबके कारण भारत में संकट आया। उदाहरण के लिए, 4 अक्टूबर को ऊर्जा मंत्रालय ने शिखर मांग तथा उपलब्ध बिजली सप्लाई के बीच 4 गीगावाट से अधिक का अंतर स्वीकार किया। आखिर इसका जिम्मेदार कौन है तथा अप्रैल-मई में बढ़ती मांग और आगामी मानसून के कारण संभावित समस्याओं को देखते हुए पहले से योजना क्यों नहीं बनाई गई? क्या यह कोल इंडिया की प्रमुख जिम्मेदारी है जिसे कोयले की सप्लाई पर नजर रखने का काम दिया गया है। कोयला खनन एक जटिल मामला है। कंपनियां केवल कोयला निकाल कर शांत नहीं बैठ सकती हैं। उत्पादन की उठान के साथ संगति बनानी होती है क्योंकि कोयले का ज्यादा भंडार नहीं बनाया जा सकता है क्योंकि इसमें आग लगने का खतरा बढ़ जाता है। मानसून लंबा खिंचने या भारी बरसात के कारण खुली खदानों से उठान प्रभावित हो सकती है और पिछले दो सप्ताहों में यही हुआ है। इस संबंध में कोल इंडिया का रिकार्ड भी कभी अच्छा नहीं रहा है। अधिकांश उत्पादन के लिए उसकी निर्भरता उथली व खुली खदानों पर बढ़ी है। उसे गहरी खनन तकनीकों में अपनी विशेषज्ञता फौरन बढ़ानी चाहिए। कोयला ब्लाकों में क्षमता का सवाल भी है क्योंकि कोल इंडिया लिमिटेड को आबंटित ब्लाक निजी कंपनियों को दिए जा रहे हैं। कोयले से बिजली बनाने के संबंध में नए यथार्थ पर भी गौर करने की आवश्यकता है। सस्ती नवीकरणीय ऊर्जा के कारण प्रतियोगिता बढ़ी है तथा प्रदूषण का प्रमुख स्रोत होने के कारण कोयले पर निशाना लगाया जा रहा है। दूसरी ओर बिजली की कमी पर राज्यों का शोरशराबा कोयला भुगतान के बकाए के बावजूद है। राज्य बिजली बोर्डों तथा बिजली पैदा करने वाली कंपनियों पर कोल इंडिया का 21,619.7 करोड़ रुपया बकाया है। कुछ राज्यों ने ताप बिजलीघरों से बिजली खरीद अनुबंधों को विस्तार न देकर सवाल खड़े किए हैं और वे स्पाट एक्सचेंजों से महंगी बिजली खरीद रहे हैं। कोयला सप्लाई समस्याओं का पहले से पूर्वानुमान न लगाने तथा समुचित भंडार न बनाने वाले बिजलीघर भी समान रूप से जिम्मेदार हैं। कोयले की सप्लाई में धीरे-धीरे सुधार होगा, पर बिजली की स्थिति में अगले साल की शुरुआत में ही स्थायित्व आएगा। वर्तमान संकट से हमें समुचित सबक ले कर उपयुक्त कदम उठाने चाहिए।

# करिश्माई नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण

## पुस्तक कई प्रामाणिक ग्रंथों और पत्रों के साथ जेपी के विचारों और पहलों के कुछ सबसे विवादास्पद पहलुओं को संबोधित करती है



**आनंद कुमार**
(लेखक जेएनयू से सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं)




**जयप्रकाश** नारायण (जिन्हें 'जेपी' कहा जाता है) भारत के सबसे करिश्माई नेताओं में से एक थे। उन्होंने निस्वार्थता और दृढ़ विश्वास के साहस के दुर्लभ संगम का प्रतिनिधित्व किया। उनके मार्क्सवादी वर्षों में, अनुयायियों ने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के बाद जेपी को भारत के लेनिन के रूप में देखा। उनके जीवन की शाम में, छात्रों और युवाओं ने उन्हें 'लोकनायक' कहकर अपनी प्रशंसा व्यक्त की। 1930 से 1979 तक पांच दशकों तक भारतीय राजनीति और समाज में उनकी अद्वितीय भूमिकाओं के कारण ही जेपी की जीवन यात्रा कार्यकर्ताओं और विद्वानों की पीढ़ियों के बीच एक आकर्षक कथा प्रदान करती रही है। साथ ही, यह एक हैरान करने वाला तथ्य रहा है कि जयप्रकाश को हमेशा विरोधाभासी तरीकों से देखा जाता था। उदाहरण के लिए, आचार्य विनोबा भावे और अन्य सर्वोदय सहयोगियों ने उन्हें एक संत कहा, जबकि कांग्रेस (इंदिरा) के अध्यक्ष डीके बरुआ ने उन्हें भ्रष्ट समर्थकों के साथ एक फासीवादी बताया।

बिमल प्रसाद और सुजाता प्रसाद (2021, गुड़गांव, पेंगुइन रैंडम हाउस) द्वारा 'द ड्रीम ऑफ रेवोल्यूशन - जयप्रकाश नारायण की जीवनी' कम से कम चार कारणों से स्वतंत्रता और क्रांति के उपासक के बारे में एक उत्कृष्ट पुस्तक है। सबसे पहले, पिता (एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद) - बेटी (एक प्रतिष्ठित वरिष्ठ नौकरशाह) टीम, जो दो अलग-अलग पीढ़ियों और दो अलग-अलग झुकावों का प्रतिनिधित्व करती है, जेपी को दशकों से अच्छी तरह से जानती थी। दूसरे, इसमें केवल दस छोटे अध्यायों की एक पठनीय पुस्तक में जेपी के विचारों और पहलों के बारे में कई खंडों का आसवन है। तीसरा, यह कई प्रामाणिक ग्रंथों और पत्रों के साथ जेपी के विचारों और पहलों के कुछ सबसे विवादास्पद पहलुओं को संबोधित करता है। अंत में, यह क) गांधी और विनोबा की शिक्षाओं के बीच परस्पर क्रिया को दर्शाता है; बी) जवाहरलाल नेहरू, समाजवादियों और इंदिरा गांधी की राजनीति; और ग) जयप्रकाश और प्रभावती के जीवन को आकार देने में लोकतांत्रिक राष्ट्र-निर्माण की अनिवार्यताओं को बदलना।

पुस्तक पढ़ने योग्य है क्योंकि दोनों लेखकों ने निष्पक्षता और आत्म-संयम का एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। अन्य इतिहासकारों की तुलना में जेपी के गुणों पर चर्चा करने के लिए वे आलोचनात्मक मूल्यांकन से नहीं कतराते हैं, लेकिन काफी उदारवादी बने रहते हैं।

मेरे जैसे जेपी आंदोलन के दिनों के एक कार्यकर्ता के लिए 'क्रांति का सपना' पढ़ना एक रोशन अनुभव था क्योंकि यह 'भारतरत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण' की जीवनी नहीं है। यह जेपी की एक अच्छी तरह से प्रलेखित जीवन-कहानी है - विद्रोही-असाधारण रूप से एक अनूठी शैली में लिखा गया है जहां अक्सर सिर्फ एक वाक्य कुछ सौ छवियों को उजागर करता है। मैं इस पुस्तक से गद्य की शक्ति के कुछ उदाहरण प्रस्तुत करता हूं। उनकी समाजवादी राजनीति के दिनों के बारे में तीन अलग-अलग अध्यायों से ऐसी तीन पंक्तियां हैं : 1) 'जयप्रकाश नारायण की राजनीति की सबसे तीखी आलोचनाओं में से एक उनकी पत्नी प्रभावती से आई है।' (अध्याय 4, पृष्ठ 53); 2) 'जयप्रकाश ने समाजवाद में संक्रमण को एक सीधी सड़क नहीं, बल्कि परस्पर विरोधी रास्तों की एक उलझन के रूप में देखा।

कुछ प्रणालीगत चुनौतियों के प्रति उनके उन्मुखीकरण के बारे में यहां तीन अन्य वाक्य दिए गए हैं : 1) 'जयप्रकाश का स्वप्नलोक अकेले पार्टी-विहीन लोकतंत्र के विचार पर नहीं, बल्कि इच्छाओं की स्वैच्छिक सीमाओं पर आधारित एक नए प्रकार के आर्थिक ढांचे पर आधारित था।' (अध्याय।) 7, पी. 131); 2) 'इतिहास और राजनीति की गड़गड़ाहट के माध्यम से, जयप्रकाश का जीवन लगातार उद्धरण और स्मारक के बीच घूमता रहा - और यही इसे इतना खास बनाता है।' (अध्याय 7, पृष्ठ 143), और 3) 'नक्सलवादी आंदोलन को घेरने वाले मिथकों को दूर करते हुए, जयप्रकाश ने तर्क दिया कि हिंसा के लिए जमीन बेरहम शोषण, पुरानी गरीबी और संचित अन्याय की दृढ़ता से तैयार की गई थी।' (अध्याय 8, पृष्ठ 156)।

अब हम 'संपूर्ण क्रांति' (1974) के लिए उनकी युगांतरकारी छलांग से ठीक पहले की सबसे महत्वपूर्ण अवधि के बारे में इसी तरह की पावर-पैक पंक्तियों को पढ़ने के लिए आगे बढ़ सकते हैं : 1) 'जयप्रकाश द्वारा उठाए गए मुद्दों पर इंदिरा का सावधानीपूर्वक तैयार किया गया जवाब धैर्यवान, सुलह करने वाला, यहां तक कि थोड़ा विचलित।' (अध्याय 8, पृ.167); 2) 'किसी को आश्चर्य होता है कि क्या प्रभावती की मृत्यु के बाद इंदिरा में भय की भावना पैदा हुई। उनकी मृत्यु के साथ, जयप्रकाश के जीवन में संयम की आवाज भी मर गई।' (अध्याय 8, पृष्ठ 169); और 3) 'वर्ष 1973 एक क्रांति के साथ नहीं बल्कि निश्चित रूप से एक की सूचना के साथ समाप्त हुआ।' (अध्याय 9, पृष्ठ 170)। आइए हम पिछले दो अध्यायों - 'होप इन डार्क टाइम्स' (अध्याय 9) और 'द डेथ ऑफ ए ड्रीम' (अध्याय 10) से कुछ उदाहरणों को रेखांकित करके इस अभ्यास को समाप्त करें : 1) 'नवंबर 1974 एक निश्चित महीना था। आंदोलन के इतिहास में।' (पी.185); 2) 'जयप्रकाश और इंदिरा के मित्रों ने समझौता करने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे।' (पृष्ठ 187); 3) 'इंदिरा विरोधी मोर्चे का समर्थन करने के लिए जयप्रकाश को दिल्ली वापस लाने के लिए कुछ हद तक अनुनय-विनय करना पड़ा।' (पृष्ठ 195); 4) 'इंदिरा ने संजय और उनके हाथ से उठाए गए गुंडागर्दी के कबाड़ को नियंत्रण सौंप दिया।' (पृष्ठ 196), और 5) 'जैसे ही तूफानी बादल छाए, किसी ने जयप्रकाश की राय लेने की जहमत नहीं उठाई। एक मायने में, यह इतिहास स्वयं को ही दोहरा रहा था, और उनकी दुर्दशा 1947 में गांधी से बहुत अलग नहीं थी।' (पृष्ठ 215)

यह सचेत करना महत्वपूर्ण है कि बिमल प्रसाद और सुजाता प्रसाद के इस योगदान की मदद से जेपी को जानने के बाद, एक संबंधित पाठक यह पूछने के लिए ललचा सकता है कि कई अत्यधिक प्रभावशाली लोगों द्वारा कोमल जयप्रकाश का ऐसा अनुचित चित्रण क्यों किया गया है। उन्हें 'ऊंची सोच', एक भ्रमित दिमाग, एक निराश जीवन जीने वाला, 'धुंधली, भोली और अवास्तविक सोच', 'भारतीय राजनीति और राजनेताओं का एक गरीब न्यायाधीश', हिंदू सांप्रदायिक ताकतों को सम्मान देने वाला, और प्रति-क्रांति की ताकतों के सिरमौर के साथ एक व्यक्ति के रूप में क्यों लेबल किया गया था।

किसी भी मामले में, पिता-पुत्री टीम द्वारा जेपी का मूल्यांकन अल्बर्ट कैमस द्वारा सिसिफस के मंत्रमुग्ध कर देने वाले विवरण के करीब है। सिसिफस (ग्रीक पौराणिक कथाओं में एक विद्रोही) को देवताओं द्वारा एक पहाड़ की चोटी तक एक चट्टान को रोल करने की निंदा की गई थी, केवल चट्टान को हर बार शीर्ष पर पहुंचने पर नीचे की ओर लुढ़कने के लिए। लेकिन क्या सिसिफस मुस्कुराया जब वह चट्टान के साथ शीर्ष पर पहुंचा? भारत के लोगों की सामूहिक स्मृति का अविनाशी हिस्सा बनने के लिए जाने से पहले मैंने अपने सिसिफस को सत्ता के गर्व या सफलता के अहंकार के बिना मुस्कुराते हुए देखा है।

# टाटा को मिली एयर इंडिया की कमान

> भारत की स्वतंत्रता के कुछ साल बाद 1953 में सरकार ने एयरलाइन कंपनी में अधिकांश शेयर खरीद लिए थे और इस प्रकार एयर इंडिया का राष्ट्रीयकरण हो गया था। ईमानदारी से देखा जाए तो एयर इंडिया के पास काफी परिसंपत्तियां, ढांचागत संरचना, उड़ानें तथा द्विपक्षीय समझौते हैं।



**राजेश कुमार**
(लेखक दि पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)

**टाटा** संस द्वारा कर्ज के बोझ से लदी राष्ट्रीय विमान कंपनी में सरकार के शत-प्रतिशत शेयर खरीदने की बोली में सफलता प्राप्त करना वास्तव में 68 साल बाद एयर इंडिया की 'घर वापसी' है। इस वर्ष दिसंबर तक इसे टाटा को सौंपने की औपचारिकतायें पूरी होने की उम्मीद है। अब रतन टाटा के असली बिजनेस कौशल की परीक्षा एयरलाइन को फिर से पटरी पर लाना होगा, पर यह आसान काम नहीं है, हालांकि समूह की अन्य कंपनियों तथा इंडियन एयरलाइन के बीच एक संगति जरूर है। व

र्तमान समय में बीमार एयरलाइन को मूलतः 1932 में अग्रणी उद्योगपति जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा के नेतृत्व में टाटा एयर सर्विसेज़ के रूप में शुरू किया गया था। भारत की स्वतंत्रता के कुछ साल बाद 1953 में सरकार ने एयरलाइन कंपनी में अधिकांश शेयर खरीद लिए थे और इस प्रकार एयर इंडिया का राष्ट्रीयकरण हो गया था। ईमानदारी से देखा जाए तो एयर इंडिया के पास काफी परिसंपत्तियां, ढांचागत संरचना, उड़ानें तथा द्विपक्षीय समझौते हैं। टाटा के पास टाटा इंजीनियरिंग, ताज सैट्स, आईएचसीएल व अन्य कंपनियां हैं। उनको एयर इंडिया की ढांचागत संरचना, परिसंपत्तियों तथा उड़ानों से लाभ मिल सकता है। टाटा को दसियों हजार करोड़ रुपये की पूंजी बैलेंसशीट ठीक करने, एयरलाइन के दायित्वों का भुगतान करने तथा विकास करने पर खर्च करने होंगे। उन्हें एयरलाइन को ऐसे मोड़ पर लाना होगा जहां वह सार्थक रूप से एक प्रभावी वैश्विक प्रतियोगी बन सके।

यह राष्ट्रीय विमान कंपनी को बेचने का तीसरा प्रयास था और इस बार केन्द्र इसमें सफल हुआ है। उसने सबसे अधिक बोली बोलने वाले को अपनी पूरी संपत्ति सौंप दी है। विमान कंपनी में विनिवेश के शुरुआती प्रयास विफल हुए थे जिसके बाद जनवरी, 2020 में यह प्रक्रिया पुनः शुरू की गई, पर कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण इसमें बाधा आई। अप्रैल 2021 में सरकार ने संभावित बोलीकर्ताओं से अपनी बोलियां सामने रखने को कहा था। चूंकि बोलीकर्ताओं को कुछ शर्तें पसंद नहीं थीं, इसलिए सरकार ने अक्टूबर में इन धाराओं में परिवर्तन कर एयर इंडिया के कर्ज को नए निवेशक को हस्तांतरित करने का फैसला किया। इससे बोलीकर्ताओं को यह समझने का मौका मिला कि वे कितना कर्ज स्वीकार कर सकते हैं। बोली की 18,000 करोड़ की धनराशि में से सरकार को 2,700 करोड़ रुपये नकद मिलेंगे तथा बाकी की धनराशि कर्ज के रूप में नए उद्यम को सौंपी जाएगी। इसके साथ ही एयर इंडिया के पूरे 100 प्रतिशत शेयर तथा एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड-एआईएक्सएल के शेयर नए स्वामी को मिल जाएंगे जिनमें एआईसैट्स के 50 प्रतिशत ग्राउंड हैंडलिंग संयुक्त उद्यम भी शामिल हैं। सरकार बाकी 46,262 करोड़ का कर्ज स्वयं स्वीकार करेगी जिसे उसके द्वारा गठित स्पेशल परपज़ वेहिकिल-एसपीवी एयर इंडिया असेट्स होल्डिंग लिमिटेड को हस्तांतरित किया जाएगा। 14,718 करोड़ की भूमि व इमारतों के रूप में गैर-कोर परिसंपत्तियों को भी एसपीवी को दिया जाएगा जिसमें टाटा से प्राप्त 2,700 करोड़ नकद भी है। इसे देखते हुए सरकार पर शुद्ध दायित्व 28,844 करोड़ रुपये रह जाएगा। 141 विमानों तथा 4,400 घरेलू व 1,800 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों, घरेलू हवाईअड्डों पर पार्किंग स्थलों तथा विदेशों में 900 उड़ानों के साथ टाटा को एयर इंडिया, इंडियन एयरलाइन्स तथा महाराजा जैसे उल्लेखनीय ब्रांडों का स्वामित्व मिलेगा। टाटा संस का एयर एशिया में 84 प्रतिशत हिस्सा तथा बाजार हिस्से में 5.2 प्रतिशत अधिकार है। इसी प्रकार विस्तार में उसका 51 प्रतिशत हिस्सा तथा बाजार शेयर में 8.3 प्रतिशत हिस्सा है। एयर इंडिया की 13.2 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ अब टाटा का बाजार की 26.7 प्रतिशत हिस्सेदारी पर कब्जा हो गया है और वे इंडिगो के बाद दूसरे सबसे बड़े विमान संचालक बन गए हैं। 'महाराजा' का लोगो और दर्जा प्राप्त करने के सालों बाद एयर इंडिया की किस्मत खराब होने लगी थी और उसे भारी नुकसान होने लगा था। 2007 में घरेलू विमान कंपनी इंडियन एयरलाइन्स के विलय के बाद उसका घाटा लगातार बढ़ता गया। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार, 2009-10 से सरकार ने एयर इंडिया को सहायता देने के लिए इसमें 1.10 लाख करोड़ रुपये लगाए। 2019-20 के दौरान एयरलाइन को 8,743.59 करोड़ रुपये का संचालन घाटा हुआ। 2020-21 में एयर इंडिया ने 6,555.66 करोड़ रुपये के संचालन घाटे का अनुमान लगाया था। पहले टाटा एयर सर्विसेज़ के रूप में बनी एयर इंडिया को द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद एक सार्वजनिक कंपनी में बदल दिया गया और इसका नाम 1946 में एयर इंडिया लिमिटेड हो गया। मुंबई व काहिरा, जेनेवा, लंदन के बीच अंतरराष्ट्रीय सेवायें शुरू करने वाली एयर इंडिया इंटरनेशनल लिमिटेड का गठन 1948 में हुआ था। इसी वर्ष नेहरू सरकार ने कंपनी में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली थी। भारत ने सभी इंडियन एयरलाइनों का राष्ट्रीयकरण कर दो निगम बनाए जिनमें से एक घरेलू उड़ानों तथा दूसरा अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए था।



जेआरडी टाटा नेहरू सरकार द्वारा 'पिछले दरवाजे' से एयर इंडिया के राष्ट्रीयकरण के निर्णय से दुःखी थे। उनको संदेह था कि एयरलाइन के बारे में जानबूझ कर दुष्प्रचार किया गया ताकि उसकी कीमत गिरने के बाद उसका अधिग्रहण किया जाए। यह बात जेआरडी टाटा द्वारा लिखे पत्रों से स्पष्ट होती है। उन्होंने नेहरू को एक तार भेजा था जिसमें कहा गया था, 'मैं केवल ऐसे महत्वपूर्ण कदम की निन्दा कर सकता हूं जिसे बिना मुझसे पूछे व समुचित सुनवाई के उठाया गया। टाटा स्टील के पूर्व सीईओ रूसी मोदी तथा मुझे तत्कालीन संचार मंत्री जगजीवन राम द्वारा केवल सरकार के इस निर्णय की सूचना देने के लिए बुलाया गया कि सरकार ने उद्योग के राष्ट्रीयकरण का निर्णय किया है। हालांकि, मैंने उनको बताया कि मैं इसके लिए तैयार था और मैंने वैकल्पिक योजना बना ली थी। मेरे विचार से यह सरकार के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए ज्यादा बेहतर थी। लेकिन मंत्री ने हमारी सलाह केवल मुआवजे आदि के बारे में मांगी।

## फरमाया




**हमें** जो डर था वो सच साबित हो रहा है। पाक समर्थित तालिबान का अफगानिस्तान पर कब्जा होने के बाद कश्मीर में आतंकवाद बढ़ा है।

– **कैप्टन अमरिंदर सिंह**
पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री



**नवंबर** से अंतराष्ट्रीय आगंतुक थाइलैंड में क्वारंटाइन हुए बगैर प्रवेश कर सकते हैं, यदि वे टीकाकृत हों और कम जोखिम वाले देशों से आए हों।

– **प्रयुत चान-ओ-चा**
थाइलैंड के प्रधानमंत्री



**मोदी** जी आप खामोश क्यों हैं? हम आपसे सहानुभूति का एक शब्द सुनना चाहते हैं, और यह काम कठिन नहीं लगना चाहिए।

– **कपिल सिब्बल**
कांग्रेस नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## शेयर बाजार का जोखिम

**इन** दिनों भारत में शेयर मार्केट में तेजी के सभी पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए नया उच्च स्तरों को छुआ हैइस साल भारतीय शेयर बाजार के मार्केट कैप में 37 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और यह बढ़कर 3.46 लाख करोड़ डॉलर हो गया है। इसके बरक्स, ब्रिटिश शेयर बाजार के मार्केट कैप में नौ फीसदी की वृद्धि देखी गई है और उसकी पूंजीगत हैसियत 3.59 लाख करोड़ डॉलर है। हालांकि, महामारी के बाद भारतीय शेयर बाजार में भी गिरावट आई थी, लेकिन जल्द ही इसने रफ्तार पकड़ ली और पिछले महीने इसने पहली बार फ्रांस को पीछे छोड़ते हुए बाजार पूंजीकरण के मामले में छठा स्थान हासिल कर लिया। पूरे विश्व में भारत के शेयर मार्केट की भारी तेजी हैरान कर देने वाली है! मगर जिस देश में देश के कुल धन का 50 प्रतिशत हिस्सा मात्र 10 प्रतिशत आबादी के हाथ में हो तो ऐसे हालात बना बनाना वाजिब है, क्योंकि बैंकों में ब्याज बहुत कम हो गया है अन्य विकल्पों में धन डूबने कि रिस्क है! हमने शेयर मार्केट को क्रेश होते हुए भी देखा है! ऐसे में शेयर बाजार में निवेश और उसे से भारी मुनाफा लोगों को इसकी और आकर्षित कर रहा है! मगर यह दुधारी तलवार। है कमाना तो सभी को अच्छा लगता है मगर यह एक प्रकार का सट्टा ही है।

– **सुभाष बुढ़ानवाला,** रतलाम

## समानता का अधिकार

**भारत** का संविधान सबको समानता का मौलिक अधिकार देता है। सभी के लिये नियम और कानून समान हैं। पीएम मोदी भी सबका साथ ,सबका विकास की अवधारणा के साथ लोगों के कल्याण के लिये योजनायें बना कर लागू करते हैं। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की बात ध्यान देने योग्य है। उन्होंने कहा देश में बहुसंख्यक- अल्पसंख्यक का वर्गीकरण नही होना चाहिए। सभी को समान अधिकार प्राप्त है। जबकि पड़ोसी देश में इस्लाम को न मानने वालों पर तमाम पाबंदियां लागू हैं। लोगों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जाता है। भारतीय सभ्यता और संस्कृति में धर्म के आधार पर भेदभाव की कोई अवधारणा नहीं है। भारतीय संविधान में एक भी ऐसा प्रावधान नहीं है जो धार्मिक सम्बन्ध में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की बात करता हो। आरिफ खान की बात गौर तलब है और प्रेरक है। मैं अपने को गौरवशाली भारतीय नागरिक मानता हूं। जिसके पास अन्य नागरिकों जैसे ही समान अधिकार है। तमाम सभ्यताओं को धर्म, जाति, और भाषा द्वारा परिभाषित किया गया लेकिन भारतीय सभ्यता को किसी धर्म के आधार पर परिभाषित नहीं किया गया है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव, उन्नाव

## नैतिक जवाबदेही

**इन** दिनों उत्तर प्रदेश का लखीमपुर खीरी कांड भाजपा के गले की हड्डी बना हुआ है। मंत्री पुत्र के प्रेम में उलझी भाजपा भले ही फूंक-फूंक कर कदम उठा रही हो पर नैतिकता का तकाजा तो यही कहता है कि फिलहाल मंत्री जी को पदच्युत करना ही चाहिए जिससे चाहिए जिससे पार्टी का आदर्श आचरण नजरिया सार्थक साबित हो सके। उत्तर प्रदेश में किसानों को मंत्री पुत्र द्वारा रौंदे जाने के मामले में सियासत जारी है। विपक्ष हमलावर बना हुआ है तो भाजपा पर भी नैतिक दबाव है। राजनीति में शुचिता की बात करने वाली भाजपा के लिए यह परीक्षा की घड़ी भी है। विपक्ष को मिले मुद्दे से भाजपा बैकफुट पर अवश्य है मगर इसके चिंगारी बनने के पूर्व भाजपा को कठोर निर्णय लेना होगा। अगर राजनीति में नैतिकता की सीख दूसरों को दी जा सकती है तो सत्तारूढ़ दल को भी इस पर खुद अमल करना चाहिए। समय का तकाजा है कि मामले की जांच और उसकी वास्तविकता सामने आने तक मंत्री मिश्र को पद से हटा दिया जाना चाहिए, जिससे जांच प्रभावित न हो।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

# छत्तीसगढ़ शांति का टापू है, सर्व समाज ने शांति, आपसी भाईचारा और सौहार्द का वातावरण बनाकर अच्छा उदाहरण दिया : ताम्रध्वज साहू

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और वन परिवहन, आवास, विधि विधायी मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में सर्व सामाज प्रमुखों की बैठक ली। बैठक में पंडरिया विधायक ममता चद्राकर, कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं सर्व समाज प्रमुख उपस्थित थे। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ शांति का टापू है। यहां के लोग बहुत ही शांति प्रिय, सहज और सरल है। यहां के लोग प्रदेश में शांति और खुशहाली बनी रही यही चाहते है। उन्होंने कहा कि कवर्धा में पिछले दिनां जो घटना घटी है,घटना के सभी साक्षी है। कवर्धा में सर्व समाज द्वारा मिलजुल कर पुनः शांति स्थापित करने, आपासी भाईचारा, सामाजिक सद्भावना और सौहार्द पूर्ण वातावरण बनाने के लिए जो पहल की वह अनुकरणीय है।

गृहमंत्री साहू ने कहा कि प्रदेश के साथ-साथ कवर्धा में शांति और सामाजिक सौहार्द बनी रहे यह हमारी पहली प्राथमिकता में रही है। घटना के शुरू दिन से ही लगातार हम सब जिला प्रशासन से जानकारी लेते रहे। मीडिया के माध्यम से भी जानकारी मिलती रही। उन्होने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, जिले के प्रभारी मंत्री टीएस सिंहदेव और छत्तीसगढ़ शासन के वरिष्ठ मंत्री व कवर्धा के स्थानीय विधायक मोहम्मद अकबर द्वारा वर्चुवल के माध्यम से निरंतर जिले के संपर्क में रहे और कवर्धा में पुनः शांति व्यवस्था स्थापित हो इसके लिए निरंतर प्रयास किए गए। जिला प्रशासन निरंतर सामाज प्रमुखों के संपर्क में रहकर नियमित रूप से शांति कायम की दिशा में काम करते रहे। समाज प्रमुखों द्वारा कवर्धा में शांति मार्च का आयोजन कराया गया। शहर में सामाजिक सौहार्द स्थापित करने के लिए समाज प्रमुख सामने आए। सर्व समाज ने कवर्धा शहर में आपसी भाईचारा, सामाजिक समरसता, शांति स्थापना कर एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया है। समाज प्रमुखों की सकारात्मक पहल से ही कवर्धा शहर में आज पुनः शांति स्थापित हो रही है। जन जीवन सामान्य होने लगे है। शहर के अंदर आवाजाही शुरू हो रही है। धीरे-धीरे पूर्ण शांति की ओर शहर बढ़ रहा है। इस सकारात्मक पहले के लिए मै सर्व समाज को बधाई देता हूं।

वन, परिवहन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने कहा कि कवर्धा शहर में पुनः शांति स्थापित हो इसके लिए जिले के सर्व समाज प्रमुखों ने मिलकर अच्छा पहल किया है। सर्व समाज ने कवर्धा में आपसी भाईचारा और सामाजिक समरसता बनाने के लिए मिलजुलकर उदारता का परिचय दिया है। उन्होने इसके लिए सर्व समाज का आभार भी व्यक्त किया। सर्व समाज की बैठक में कबीर पंथ प्रचारक प्रवीण शर्मा, अमिताभ नामदेव वरिष्ठ नागरिक राजकुमार तिवारी ने कवर्धा के पुनः शांति स्थापना और जनजीवन को पुनः सामान्य लाने के लिए अपने-अपने सुझाव भी दिए। सर्व समाज की बैठक में ब्राह्मण समाज, अग्रवाल समाज, साहू समाज, सिख समाज, जैन समाज, मुस्लिम समाज चंद्रवंशी समाज, गुप्ता समाज, जैन समाज, देवांगन समाज, चेंबर ऑफ कॉमर्स, ठाकुर समाज, अहिरवार समाज, यादव समाज, धोबी समाज, वैष्णव समाज, नामदेव समाज, सोनी समाज, कायस्थ समाज, कौशिक समाज, जयसवाल समाज, सतनामी समाज, यूथ क्लब, लायंस क्लब, मरार समाज, गुप्ता कसौधन वैश्य गुप्ता समाज, ठेकेदार संघ, पाली समाज समाज, महामाया मंदिर, श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, चंडी मंदिर, परमेश्वरी मंदिर, बूढ़ा महादेव मंदिर, काली मंदिर, मल्हार समाज, झारिया समाज, विंध्यवासिनी मंदिर, अध्यक्ष मानिकपुरी समाज, कबीर पंथ, बौद्ध समाज, प्रजापति ब्रह्मा कुमारी के समाज प्रमुख एवं प्रतिनिधि शामिल हुए।


# अंतर्राष्ट्रीय बालिका शिशु दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) के पदेन अध्यक्ष जिला न्यायाधीश जयदीप विजय निमोणकर के निर्देशन में ''पैन इंडिया अवेयरनेस आउटरीच आजादी का अमृत महोत्सव'' अभियान के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बालिका शिशु दिवस मनाया गया।जसविंदर कौर अजमानी मलिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा ने बताया कि 11 अक्टूबर, 2021 को इंडियन पब्लिक स्कूल बेमेतरा में शाला के प्राचार्य के सहयोग से हुए कार्यक्रम में बेमेतरा जिला न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) संजय अग्रवाल एवं प्रशिक्षु न्यायाधीश निती ने वहां जाकर वहां उपस्थित छात्र-छात्राओं को कानून के विभिन्न विषयों पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना, मोटर यान अधिनियम, आबकारी अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालक बालिकाओं का सरंक्षण अधिनियम एवं मौलिक कर्तव्य के बारे में मूलभूत जानकारी प्रदान किया। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र वार्ड नंबर बेमेतरा में बेमेतरा जिला न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तनुश्री गबेल एवं कामिनी वर्मा ने महिला बाल विकास के सहयोग से आयोजित आंगनबाड़ी केन्द्र के कार्यक्रम में वहां उपस्थित लोगों को कानून के विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। बालिका शिशु दिवस के अवसर पर न्यायाधीशगण द्वारा यह बताया गया कि यह दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा 11 अक्टूबर 2012 को पहली बार अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप मे मनाया गया इसका मुख्य उद्देश्य पूरे विश्व में जेंडर इंक्वालिटि के प्रति लोगों को जागरूक करना है। भारत के संविधान में भी प्रत्येक लिंग को बिना किसी भेदभाव के समाज के हर क्षेत्र में भागीदारी देने का अधिकार प्राप्त है। पुरूष हो या स्त्री, बालक हो या बालिका उसे समान रूप से शिक्षा, रोजगार आदि प्राप्त करने का अधिकार है।

# मुख्यमंत्री बघेल के मुख्य आतिथ्य में विजयादशमी पर होगा रावण दहन



पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी महामाया माता मंदिर के मैदान में मेला एवं 50 फीट ऊंचे रावण के दहन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया है द्य दुष्ट प्रकृति एवं अधर्म का आचरण करने वाले कुकर्मी महापराक्रमी 10 सिरों वाले अधर्मी राक्षस रावण का, श्री राम के द्वारा वानर भालू रीछ की सेना के सहयोग से वध किया गया ताकि जनमानस को दुखों, कष्टों और आतंक से मुक्ति मिल सके द्य कार्यक्रम सायं 5.00 बजे से प्रारंभ होगा द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ शासन के आगमन पर प्रशासन द्वारा संपूर्ण व्यवस्था एवं तैयारियां जोर शोर से की गई है।

# बालक के शिक्षा विकास में पालक एवं शिक्षकों के योगदान विषय पर बैठक आयोजित






पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक शाला में अंग्रेजी और हिंदी माध्यम के बच्चों के पालक एवं शिक्षको की बैठक आयोजित की गई द्य उक्त बैठक में बच्चों के समग्र शिक्षण हेतु दोनों पक्षों की महती भूमिका पर चर्चा की गई द्य प्राचार्य एस लता रघु कुमार ने बालकों से बच्चों को प्रोत्साहित करने, नियमित शाला में पढ़ाए विषयों के संबंध में पूछने तथा कठिन विषय संबंधी जानकारी लेकर विद्यालय में संपर्क कर उनकी समस्याओं का समाधान कराने के लिए आग्रह किया तथा यह भी कहा कि बच्चे सहज संकोच में प्रश्न नहीं कर पाते हैं ऐसी परिस्थितियों में शिक्षकों को स्वयं उनसे घुल मिलकर उन्हें प्रोत्साहित करते हुए समाधान किया जावे ताकि बच्चों में पठन-पाठन के प्रति रुचि और अधिक बढ़ती जाए द्य पालकों ने इस प्रकार के बैठक की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस पहल से हमें अपने बच्चों की सही स्थिति की जानकारी मिल सकेगी बैठक में सभी विषयों के शिक्षकों की उपस्थिति रही।

# देवताओं ने अपनी शक्ति देकर दुर्गतिनाशिनी प्रकट किया : आचार्य राजेश्वर

पायनियर संवाददाता ➤ थानखम्हारिया
www.dailypioneer.com



शिव शक्ति विद्या धाम बनिया में नवरात्रि के पावन पर्व पर सप्तमी के दिन 2021को अपनी व्यास पीठ से देवी महिमा पर प्रवचन का आयोजन हुआ। आचार्य राजेश्वर प्रसाद तिवारी ने व्यास पीठ से कहा देवी भागवत, मार्कंडेय पुराण और रामायण, श्रीमद्भागवत के माध्यम से सरल और रोचक ढंग से मां आदिशक्ति की महिमा को बताया।स भगवान और भगवती दोनों एक ही हैं।राधा के बिना कृष्ण आधा हैं, सीता के बिना रामजी अधीर हैं तो पार्वती जी के बिना शंकर जी प्रलयंकर हो जाते हैं। समस्त देवताओं और देवियों ने अपनी अपनी शक्तियों को देकर दुर्गतिनाशिनी दुर्गा को प्रगट किया। भगवती परांबा ने मधु कैटभ,चंडमुंड, शुंग निशुंभ, रक्तबीज और महिषासुर जैसे राक्षसों का बध करके जगत की रक्षा की। इन कथाओं के आध्यात्मिक रहस्यों को सरलता से समझाते हुए महाराज तिवारी जी ने कहा कि मधु और कैटभ राग और द्वेष हैं। जो मन को प्रिय होता है उसके प्रति राग/लगाव होता है और जो अप्रिय है उसके प्रति द्वेष/नफ़रत होता है। यह दोनों विकार मन की शांति को भंग करते हैं।अपनी चेतना को जगाने पर विष्णु/व्यापक तत्व के द्वारा इन विकारों से मुक्ति मिलती है। महिषासुर जड़ता और नास्तिकता का प्रतीक है। नास्तिकता ,अंध आस्तिकता और पाखंड के महिषासुर को बध करके मां दुर्गा ने शांति पूर्ण जीवन की रक्षा कर रही हैं। कार्यक्रम में शामिल होकर सत्संगियों ने देवी मां की महिमा का श्रवण किया। इस पवित्र धाम में चंडी पाठ किया जा रहा है। मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। देवी के सेवकों के द्वारा जसगीत का गायन किया जा रहा है। उपस्थित श्रद्धालु जनपं. संतोष पाण्डे,नंदकुमार सिंह, गौकरण सिंह,प्रा.नीलकंठ सिंह लोहारा, ऋषिकुमार सिंह,डॉ यादव कवर्धा,कृष्णा सिंह,डॉ शिव परमार रणवीरपुर,भिखेंद्र सिंह,इंजी. आलोक सिंह,धनराज सिंह,दाऊ राजेन्द्र सिंह,पुरषोत्तम सिंह,रोहित सिंह,अनिल सिंह,भूपेंद्र सिंह,सतीष साहू,ग्राम बनिया थे।

# ब्रम्हकुमारी विवि में आत्मा और जीवन चक्र के जटिल रहस्यों को समझाया जाता है सरलता से : प्रज्ञा निर्वाणी

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय बेमेतरा के ब्रम्हकुमारी संस्थान में जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने नवरात्रि में माँ दुर्गा के नौ स्वरूप की झांकी दर्शन कार्यक्रम में बतौर दीप प्रज्वलन करने पहुँची जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने ब्रम्हकुमारी बहनो की कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आत्मा और जीवन चक्र के जटिल रहस्यों को जिस सरलता और उदाहरण के साथ समझाया जाता है वह बेहद सारगर्भित और ज्ञानवर्धक है। ब्रम्हकुमारी बहन शशि दीदी ने सहज योग को सहज बना दिया है,मन की शांति और जीवन मे व्याप्त तनाव को दूर करने के साथ ही साथ तनाव रहित जीवन शैली के लिए ब्रम्हकुमारी विश्विद्यालय की शिक्षाए भारत ही नही अपितु पूरे विश्व को अपने ज्ञान दीप से करोडो आत्माओ को प्रकाशित और प्रज्वलित कर रही हैं। पुराने विश्राम गृह के पास स्थित प्रजापति ब्रम्हकुमारी विश्विद्यालय के जिला शाखा में नवरात्रि की झांकियों के लिए विशेष आयोजन किये गए ,जहां बालिकाओ और शक्ति के स्वरूप नारी के दुर्गा अवतार की अभिकल्पना को समझाया गया ,ब्रम्हकुमारी शशि दीदी ने निःशुल्क आत्म योग शिविर की जानकारी देते हुए कहा कि प्रातः काल ब्रम्हमुहूर्त में किये जाने वाला यह स्वयँ से स्वयँ का आत्म परिचय होता है,जिसे प्रत्येक आयु वर्ग के लोग कर सकते हैं। प्रजापति ब्रम्हकुमारी आश्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने आत्म विकास के कार्यों की सराहना करते हुए ,ग्रामीण अंचलों में शिविर आयोजित कर वहां के महिलाओ को भी चैतन्य और जागृत करने का आग्रह किया है।

# जस जगराता कार्यक्रम में विधायक आशीष छाबड़ा हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लाक बेरला के ग्राम पंचायत बहेरा में आयोजित जस जगराता कार्यक्रम में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा हुए शामिल। ग्रामवासियों ने विधायक का गड़वा बाजा की धुन मनमोहक राऊत नृत्य की प्रस्तुति के साथ भव्य स्वागत किए। सर्वप्रथम विधायक आशीष छाबड़ा गांव के माता शीतला मंदिर एव पंडालों में विराजे मां दुर्गा के पूजा अर्चना दर्शन कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा की नवरात्रि के पावन पर्व चल रहा है,हमारे प्रदेश की परिपाटी है,पूरा देश पूरा प्रदेश नौ दिनों तक माता रानी की सेवा माता रानी की आराधना में लग जाते है,नौ दिनों तक पूरा वातावरण भक्ति मय से डूबा रहता है,बहेरा में बढ़िया जस जगराता का कार्यक्रम होना है, बड़ी संख्या में ग्रामवासी सहित आस पास के ग्रामवासी भी जगत जगराता का आनद लेने यहा पहुचे है,जस जगराता के माध्यम से मां दुर्गा के विभिन्न रूपों का दर्शन करने को मिलता है,जस जगराता के माध्यम से मां दुर्गा के विभिन्न रूपों का कला के माध्यम से प्रदर्शन कर मां भगवती के विभिन्न रूपों का प्रदर्शन कर कराते है, जस गायन,जस झाकी के माध्यम से दो प्रकार का पात्र प्रदर्शन होता है,एक अच्छाई और एक बुराई का हमें अच्छाई का पात्र है,उसे सीखना ग्रहण करना चाहिए हमें अपने जीवन शैली कैसे रखना है, जीवन शैली कैसे जीना चाहिए हम सब देखते है,कोई भी कार्य हो कोई भी क्षेत्र हो जीत हमेशा अच्छाई की होती है,बुराई की कभी जीत नहीं होती। आज के समय में हमारे युवा पीढ़ी जो लगातार पश्चात कालीन सभ्यता की ओर बढ़ी तेजी से बढ़ रहे हैं हमारे युवा साथी भारतीय संस्कृति को भूलकर पश्चात कालीन सभ्यता की ओर बढ़ रहे हैं ऐसे समय में इस प्रकार के धार्मिक आयोजन होने से अंधेरे में दीप के बराबर है निश्चित रूप से गांव में धार्मिक आयोजन होना चाहिए ताकि हमारे नौजवान युवा पीढ़ी आज अपने मुख्य मार्ग से भटक गए है ऐसे आयोजन से मां भगवती की असीम कृपा बनी रहे आज इस पवित्र मंच से हम सभी को कुछ सीखे जाना है।

# सुरहोली में विधायक ने किया विकास कार्य का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सुरहोलि में आयोजित भूमिपूजन समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा शामिल हुए। सर्वप्रथम विधायक आशीष छाबड़ा ने गांव के माता देवाला शीतला मंदिर,दुर्गा पंडाल पहुंच पूजा अर्चना कर सुगम सड़क योजना अंतर्गत मुख्य मार्ग से शासकीय भवन सुरहोली पहुंच पहुंच मार्ग निर्माण कार्य राशि 19.92 लाख रुपए का नारियल तोड़ भूमिपूजन किए। इस अवसर विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा की नवरात्रि के पावन पर्व चल रहा है, छत्तीसगढ की परिपाटी है,पूरा नौ दिन पूरा देश,पूरा प्रदेश माता दुर्गा की पूजा अर्चना करते है,गावो से लेकर शहरों में माता का जगराता, घरों में जोत जलाते है, जवारा बोते है, पूरा नौ दिन भक्ति मय से भरा रहता है, सुरहोली भी भूमिपूजन का कार्यक्रम रखा गया है आज सुरहोली विकास की दिशा में एक और कदम आगे बड़ा है ग्राम सुरहोली में विकास की अपार संभावना है,पूर्व में सुरहोली आना हुआ था जिसमे सुगम सड़क योजना अंतर्गत बस्ती पहुंच मार्ग निर्माण कार्य 20 लाख रुपए से पक्का पहुंच मार्ग का लोकार्पण किए थे,प्रदेश सरकार की योजना सुगम सड़क योजना अंतर्गत पुनः सुरहोली शासकीय भवन पहुंच मार्ग निर्माण कार्य हेतु 19.92 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है जिसका आज भूमि पूजन किया गया इस योजना के तहत सार्वजनिक स्थल जैसे हाट बाजार, मेला स्थल, धान संग्रहण केंद्र, श्मशान घाट,स्कूल भवन, आंगनबाड़ी जैसे अनेक महत्वपूर्ण सार्वजनिक उपयोग के केंद्र जो बारहमासी सड़कों से नहीं जुड़े हैं, वहां आने-जाने में जनसामान्य को असुविधा होती है। ऐसे सभी सार्वजनिक स्थल तथा भवन को प्राथमिकता के आधार पर लोक निर्माण विभाग द्वारा बारहमासी पहुंच मार्ग का निर्माण कर जोड़ा जाएगा। इससे शासकीय भवनों और सार्वजनिक स्थलों तक पहुंचने में लोगों को काफी सहुलियत मिलेगी विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा की किसान और खेती राज्य की असल पूजी है,खेती किसानी और किसानों को सहेजने का जतन कर मुख्यमंत्री भुपेश बघेल राज्य के विकास की असल पूंजी को सहेज रहे है,छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जिसने किसानो को संकट से उबारने के लिए उन्हें सीधे मदद दी है,किसान हितैषी नीतियों के चलते खेती किसानी के रकबे और किसानों की संख्या में इजाफा हुआ है प्रदेश की कांग्रेस की सरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार किसानो की सरकार है,जो लगातार किसानों की खुशहाली,समृद्धि,विकास के लिए काम कर रही है, बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में 21 मई 2020 को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरुआत की और साल भर के भीतर चार किस्तों में पूरी राशि 05 हजार 628 करोड़ रूपये का भुक्तान 18 लाख 45 हजार किसानों के सीधे खाते दिया गया, जो लोग पहले चार किश्तों में राशि देने को लेकर आपत्ती कर रहे थे,उन लोगो ने कोरोना संकट काल को देखते हुए यह कहना शुरू कर दिया था कि खरीफ फसल 2021 में धान बेचने वाले किसानो को राजीव गांधी किसान न्याय योजना ला लाभ नहीं दिया जायेगा।

# विजयदशमी पर्व पर 30 फीट रावण का होगा दहन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



स्थानीय जिला मुख्यालय में स्थित कृषि उपज मंडी मैदान में विजयदशमी पर्व के अवसर पर 30 रावण का दहन किया जाएगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बेमेतरा शहर में दशहरा उत्सव 2021 में उपज मंडी मनाने के लिए के लिए बीते दिनों कलेक्ट्रेट में बैठक भी हुई थी जहां पर कार्यक्रम को लेकर चर्चा उपरांत निर्णय भी लिया गया था इस संबंध में जानकारी देते हुए बेमेतरा नगर पालिका के अध्यक्ष शकुंतल मंगल साहू ने बताया कि इस वर्ष विजयदशमी पर्व पर 30 फ़ीट रावण का पुतला दहन किया जाएगा यह भी जानकारी दी गई है कि इस बार कृषि उपज मंडी मैदान में दो मंच तैयार किया जाएगा जिसमें एक मंच पर राम लीला का संक्षिप्त मंचन किया जाएगा वहीं दूसरे मंच पर विधायक सहित अन्य गणमान्य अतिथि की बैठने की व्यवस्था रहेगी जानकारी में बताया गया है कि शाम के समय राम लीला का संक्षिप्त मंचन किया जाएगा तदुपरांत रावण वध किया जाएगा इसके बाद वहां आरती होगी वह दूसरे मंच में अतिथियों के द्वारा संक्षिप्त विचार व्यक्त किए जाएंगे समारोह की तैयारी कृषि उपज मंडी में अंतिम रूप दिया जा रहा है शुक्रवार को इस साल विजयदशमी पर्व मनाया जाएगा जहां कोरोनावायरस के गाइडलाइन के मुताबिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे समारोह के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग एवं शांति व्यवस्था को तैयारी किया गया है वहीं वन विभाग द्वारा बांस बल्ली से बेरिकैट्स बनाने, विद्युत विभाग को कार्यक्रम स्थल पर विद्युत व्यवस्था, नगर पालिका को साफ-सफाई, टेण्ट, जनपद पंचायत बेमेतरा को चलित शौचालय व्यवस्था कर रहे है।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## लो.नि.वि. संभाग बलौदा बाजार (छ.ग.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-6335/NIT-10/2021-2022/व ले लि — दिनांक : 08/10/2021

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 18/10/2021 अपरान्ह 3.00 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 22/10/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 23/10/2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम / NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में) |
|---|---|---|
| 10<br>T0147 | बिलाईगढ़ अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न मार्गों में विशेष मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण | 19.00<br>15000.00<br>300000.00 |
| 10<br>T0148 | कसडोल अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न मार्गों में विशेष मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण | 19.00<br>15000.00<br>300000.00 |
| 10<br>T0149 | परफार्मेंस गारंटी अंतर्गत बलौदाबाजार संभाग के विभिन्न भवनों का रख रखाव कार्य। प्रथम आमंत्रण | 20.00<br>15000.00<br>300000.00 |
| 10<br>T0150 | परफार्मेंस गारंटी अंतर्गत बलौदाबाजार संभाग के विभिन्न मार्गों का रख रखाव कार्य। प्रथम आमंत्रण | 20.00<br>15000.00<br>300000.00 |

शर्तः- 100/- रु. स्टाम्प निर्धारित शपथ पत्र नोटराइज्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

``It Mandatory for the C & D Class Bidder to submit the list of ongoing work/works in hand in the Annexure- A (enclosed). If the total value of ongoing work/works in hand is more than 2.5 times the capacity as specified for C & D Class Bidders, the bidder will be disqualified."

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि.संभाग
बलौदाबाजार (छ.ग.)

G- 64448/4

## क्विक न्यूज

### रेत खदानों का ठेका पुनः शीघ्र करने की मांग, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**सक्ती।** छ.ग. विधान सभा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र के विधायक नारायण चंदेल एवं अकलतरा क्षेत्र के विधायक सौरभ सिंह ने जिले के कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए कहा कि जांजगीर-चाम्पा जिले में प्रथम पाली में रेत खदानों का ठेका सितम्बर 2019 में हुआ था जिसका अनुबंध अक्टूबर 2019 में जारी किया गया था। नियमानुसार दो साल के अनुबंध का समय समाप्त हो चुका है। जिले के रेत खदानों का नियमानुसार नया ठेका करने की प्रक्रिया तत्काल प्रभााव से करने की आवष्यकता है जिसका निविदा आमंत्रण करने से पहले निम्नलिखित बिन्दूओं को ध्यान में रखकर प्रस्ताव करने की आवष्यकता है।

### 15 को गद्दी महोत्सव में शामिल होंगे राजेश्री

**शिवरीनारायण।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुंदर दास जी 15 एवं



16 अक्टूबर को जांजगीर-चांपा जिले के प्रवास पर रहेंगे, प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्री महन्त जी 15 अक्टूबर को विजयदशमी के पावन अवसर पर श्री दूधाधारी मठ एवं जैतू साव मठ के विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होंगे, दोपहर 2.00 बजे श्री दूधाधारी मठ रायपुर से रवाना होकर शाम 5.00 बजे उनका आगमन शिवरीनारायण मठ होगा। यहां वे मठ मंदिर द्वारा आयोजित गद्दी महोत्सव के कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 5.30 बजे मठ से भव्य शोभायात्रा मध्य नगरी चौक, मेला ग्राउंड होते हुए जोगीडीपा (जनकपुरी) तक निकाली जाएगी।यहां पूजा- अर्चना संपन्न होने के पश्चात सभी उपस्थित जन पुनः मठ पहुंचेंगे। शाम 6.30 बजे से गद्दी महोत्सव का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। मठ के मुख्तियार सुखराम दास ने भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में गद्दी महोत्सव में उपस्थित होकर दर्शन लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### दहन के बड़े आयोजनों पर पाबंदी से मुख्य अतिथि बनने वाले नेताओ में निराशा

# आज दशहरा मगर रावण दहन नहीं होंगे

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कल शुक्रवार को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजया दशमी का पर्व है लेकिन इस साल रावण के बड़े पुतले नही जलाए जाएंगे। पुलिस ग्राउंड, शनिचरी, पुराना बस स्टैंड, सरकंडा नूतन चौक, मुक्तिधाम चौक, रेलवे क्षेत्र समेत करीब दर्जन भर स्थानों में हर वर्ष दशहरा के दिन होने वाले रावण दहन के बड़े कार्यक्रम कल नही हो पाएंगे। कोरोना के चलते जिला प्रशासन ने यह बंदिश लगाई है। इस निर्णय से दशहरा उत्सव देखने लाखो लोग वंचित तो होंगे ही वही रावण दहन के बड़े कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनने राजनैतिक दल के नेताओं में जो प्रतिस्पर्धा होती थी वह भी प्रशासन के आदेश के बाद धरी की धरी रह गई है । कई नेता तो बड़ी राशि रावण दहन कार्यक्रम के आयोजकों को देकर मुख्य अतिथि बन जाते थे मगर प्रशासन ने रावण दहन करने वाले नेताओ की राजनीति में पानी फेर दिया है ।रावण दहन के लिए नेताओ में विवाद भी होता रहा है लेकिन इस बार किसी भी नेता को मौका नहीं मिलेगा क्योंकि बड़े रावण दहन का कार्यक्रम होना ही नही है । गली मोहल्ला में छोटे पुतले जरूर जलाए जाएंगे ।रावण दहन देखने गांवों से आने वाली लोगो की भारी भीड़ भी इस बार नही दिखेगी साथ ही ग्रामीणों के भरोसे दशहरा के दिन अच्छा खासा व्यापार कर लेने वाले फुटकर और हॉटल व्यापारी के धंधे भी इस बार प्रभावित होंगे । जिला प्रशासन के आदेश के मुताबिक इस बार बिलासपुर में रावण दहन का सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं हो पाएगा। रावण बुराई, अहंकार, पाप का प्रतीक है। जिसका दहन कर हर वर्ष असत्य पर सत्य की जीत का पर्व मनाया जाता है। बिलासपुर में बड़े पैमाने पर रावण दहन कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं। इसके लिए महीने भर पहले से रावण बनाने की तैयारी शुरू हो जाती है , लेकिन इस बार जिला प्रशासन ने रावण दहन को लेकर अपने पत्ते दशहरा के 2 दिन पहले खोले। आखिरकार 13 तारीख को रावण दहन संबंधी दिशा निर्देश जारी किया गए और वह भी इतने सख्त कि उसके तहत रावण दहन का आयोजन संभव ही नहीं। यही वजह है कि बिलासपुर शहर के सभी बड़ी समितियों ने रावण दहन का निर्णय ही छोड़ दिया।

#### अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था करना अनिवार्य

समिति द्वारा सैनेटाईजर, थर्मल स्क्रीनिंग, आक्सीमीटर एवं क्यू मैनेजमेंट सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी। थर्मल स्क्रीनिंग में बुखार पाए जाने पर अथवा कोरोना से संबंधित कोई भी सामान्य या विशेष लक्षण पाए जाने पर कार्यक्रम में प्रवेश नहीं देने की जिम्मेदारी आयोजक की होगी। आयोजन के दौरान अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था करना अनिवार्य है। आयोजन के दौरान यातायात नियमों का पालन किया जाए। किसी प्रकार से यातायात बाधित न हो, यह भी सुनिश्चित करना होगा। पार्किंग की व्यवस्था स्वयं के द्वारा की जाएगी। आयोजन के दौरान नेशनल ग्रीन्स ट्रिब्यूनल एवं शासन के द्वारा प्रदूषण नियंत्रण के निर्धारित मानकों, कोलाहल अधिनियम, भारत सरकार एवं सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर समिति आयोजक जिम्मेदार होंगे। कंटेनमेंट जोन में पुतला दहन की अनुमति नही होगी। यदि पुतला दहन कार्यक्रम के अनुमति के पश्चात् उपरोक्त क्षेत्र कंटेनमेंट जोन घोषित होता है तो तत्काल कार्यक्रम निरस्त माना जाएगा एवं कंटेनमेंट जोन के समस्त निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। आयोजन के पूर्व स्थानीय थाना प्रभारी संबंधित जोन कार्यालयों को सूचित करना अनिवार्य होगा। आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार के अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन न किया जाए।

#### कार्यक्रम में आने वाले लोगों का नाम, पता व मोबाईल नंबर

जारी आदेशानुसार पुतला दहन खुले स्थान पर किया जाए। कार्यक्रम में समिति के मुख्य पदाधिकारी सहित स्थल की क्षमता का 50 प्रतिशत से अधिक व्यक्ति शामिल नहीं होंगे। पुतला दहन के दौरान आयोजक एक रजिस्टर संधारित करेंगे एवं पुतला दहन कार्यक्रम में आने वाले सभी व्यक्तियों का नाम, पता, मोबाईल नंबर दर्ज किया जाएगा ताकि उनमें से कोई व्यक्ति कोरोना संक्रमित होने पर कान्टेक्ट ट्रेसिंग किया जा सके। प्रत्येक समिति आयोजक समय पूर्व सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से यह जानकारी देंगे की कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुए कार्यक्रम सीमित रूप से किया जाएगा। पुतला दहन में कही भी सांस्कृतिक कार्यक्रम, भंडारा, पंडाल लगाने की अनुमति नहीं होगी। आयोजन में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क लगाना एवं सैनेटाईजर का उपयोग करना अनिवार्य होगा।

## बंदिशों पर भारी पड़ी आस्था

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



शारदीय नवरात्रि के महाअष्टमी पर जहां मंदिरों में भारी भीड़ नजर आई। वही शहर एवं ग्रामीण अंचलों में स्थापित भव्य दुर्गा पण्डालों में दीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ में आयोजकों को कोरोना के गाईड लाईन के पालन करने में पसीना छूट गया। नवरात्रि के अष्टमी पूजन के साथ नगर के महामाया मंदिर, शारदा मंदिर, जय मॉ दुर्गा मंदिर, बड़की दाई मंदिर दाउपारा, करही, गीधा, रामगढ़ सहित मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना हुई। नगर में इस नवरात्रि पर उत्साह के साथ दुर्गा उत्सव मनाया जा रहा है। पिछले वर्ष कोरोना काल के चलते इसकी संख्या में कमी आयी थी। जो कोरोना काल का प्रभाव कम होने से दुर्गा उत्सव समितियों में उत्साह का संचार हुआ है जिसके चलते नगर में लगभग 30 स्थानों में मूर्तियां स्थापित होकर पूजा-अर्चना हो रही है। मंदिरों में भीड़ जुटने लगी है। तथा मंडलियों द्वारा भजन-कीर्तन होने लगे है। वहीं दुर्गा पंडालों में दर्शनार्थी श्रद्धालूओं की भीड़ जुटने लगी है। इस बार नवरात्रियों का पर्व 8 दिनों का हैं। नगर के ओम शांति समिति द्वारा 48 वर्षो से मूर्ति स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है। नवनीत दुर्गा उत्सव समिति द्वारा भी लगभग 50 वर्षो से दुर्गा रखी जा रही है। पुलपारा-पाठक पारा में व बलानी चौक दुर्गा उत्सव की धूम मची हुई है। पुराना बस स्टैण्ड, बालानी चौक पर शाम ढ़लते ही ट्रेफिक जाम की समस्या उत्पन्न होने लगी। वाहन सिर्फ रेंगते नजर आये और लोगों का काफी कठिनाई हुई। पण्डालों की रोशनियों से गलियां और सड़के रोशन हो गई। सभी जगहों पर लम्बी-लम्बी कतार देखी गई। आज अष्टमी तिथि होने के कारण मंदिरों में अठवाही का प्रसाद एवं विशेष पूजा अर्चना महिलाओं के द्वारा की गई। दाऊपारा स्थित बड़ी महामाया, सोनार पारा स्थित महामाया मंदिर सहित काली मंदिर खर्रीपारा, पण्डरिया रोड स्थित शक्तिमाई और हथनीकला में दिनभर लोगों की लंबी-लंबी कतार देखी गई। शाम होते ही मंदिरों सहित दुर्गा पण्डालों में हवन की तैयारियां प्रारंभ हो गई थी जो देर रात तक चलती रही।

## चोरी की मोटर सायकल के साथ आरोपी पकड़ाया

**रायगढ़।** सारंगढ़ पुलिस ने ग्राम हिच्छा के मनोहर बंजारे घर में आज चोरी की मोटर सायकल छिपाकर रखने की मुखबिर सूचना पर रेड कार्रवाई किया गया, जिसमें आरोपी के घर से एक मोटर सायकल बरामद हुआ, जिसे आरोपी द्वारा ग्राम भीखमपुरा से चोरी कर घर में छिपा रखना बताया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भीखमपुरा की रहने वाली



श्रीमती रीना कुर्रे (25 वर्ष) 26 जून को थाना सारंगढ़ में इनके घर के सामने खड़ी इसके पति की मोटर सायकल हीरो फैशन प्रो क्रमांक सी.जी. 13 जेड 8071 को 24 जून के दरम्यानी रात' कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था । थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक अमित शुक्ला के दिशा निर्देशन पर बीट आरक्षकों द्वारा मुखबिरों से सूचना प्राप्त कर उनसे साझा की जा रही थी। इसी बीच ग्राम हिच्दा के मनोहर द्वारा मोटर सायकल चोरी कर छिपाकर रखे होने की सूचना मिली, जिस पर पुलिस टीम जाकर रेड कार्रवाई कर मोटर सायकल की जप्ती की गई है।

## नवमी पर हुआ कन्या भोज एवं पूजन

■ **मां भीमेश्वरी देवी बेरी वाली मंदिर में लोगों ने करवाए बच्चों के मुंडन संस्कार**

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

14 अक्टूबर को नवरात्रि की महानवमी के अवसर पर घरों में कन्या भोज एवं कन्या पूजन किया गया, तथा इस अवसर पर सुबह से ही छोटी-छोटी कन्याएं तैयार होकर अपने घरों से निकल पड़ी तथा लोगों ने नवरात्रि पर्व पर धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप नौ कन्याओं को भोजन करवाकर कन्या पूजन किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया,इस अवसर पर कन्याओं को विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर उन्हें खिलाए गए तथा कन्या पूजन को लेकर सभी स्थानों पर उत्साह देखा गया एवं वर्तमान समय में बेटियों की कमी के चलते भी लोगों के घरों में कन्या भोज हेतु लोग सुबह से ही अपने मोहल्लों में



या कि शहर के अन्य मोहल्लों में जाकर कन्याओं से आग्रह कर उन्हें अपने घर पर लाकर भोजन कराया एवं पूजन किया,वहीं नवमी पर्व के दिन देवी मंदिरों में भी लोगों ने विशेष पूजा अर्चना की,तथा शक्ति शहर के भी मां भीमेश्वरी देवी बेरी वाली मंदिर में धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप लोगों ने नवमी पर्व पर अपने बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराएं तथा धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हरियाणा राज्य के बेरी शहर में स्थित प्रसिद्ध बेरी मंदिर में पूरी दुनिया के लोग नवरात्रि की नवमी पर्व पर अपने बच्चों के मुंडन संस्कार करवाने पहुंचते हैं,तथा शक्ति शहर के बाराद्वार रोड में शक्ति शहर के प्रतिष्ठित मामंनचन्द रामप्रताप माँ महामाया ज्वेलर्स परिवार द्वारा वर्षो पूर्व से स्थापित मां भीमेश्वरी देवी बेरी वाली मंदिर में भी छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित अन्य राज्यों के भी लोग प्रत्येक नवरात्रि पर्व पर अपने बच्चों के प्रथम मुंडन संस्कार हेतु पहुंचते हैं,तथा 14 अक्टूबर को भी शक्ति शहर के प्रतिष्ठित गोयल परिवार के जयप्रकाश गोयल ने अपने पोते का मुंडन संस्कार करवाया तथा इस अवसर पर उनके परिवार जन भी मौजूद रहे,तो वही नवमी पर्व के चलते पूरे क्षेत्र में मां दुर्गे की उपासना एवं आराधना भी की गई साथ ही 14 अक्टूबर को विभिन्न दुर्गा पंडालों में भी सार्वजनिक भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया है।

## शिवरीनारायण में 50 फीट रावण का होगा दहन



पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा उत्सव टेम्पल सिटी शिवरीनारायण में बड़े धूमधाम से मनाये जाने का निर्णय स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों ने एक बैठक में लिया है इस हेतु मेला मैदान में 50 फीट रावण नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदे क मार्गदर्शन में बनवाया जा रहा है । यह उत्सव 15 अक्टूबर विजय दशमी के दिन मनाया जायेगा और रात्रि लगभग 8 बजे रावण का दहन होगा । रावण दहन से पूर्व शाम लगभग 5 बजे नगर में श्रीराम , लक्ष्मण , हनुमान और वानर सेना की भव्य शोभा यात्रा बैण्ड़ बाजे और करमा नृत्य के साथ निकाली जायेगी जो नगर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुए रावण दहन स्थल (मेला मैदान) पहुंचेगी जहां पर लगभग आधा घंटा तक आधुनिक आतिशबाजी होगी और आकाश में गुब्बारे छोड़े जायेंगे ततपश्चात रावण का दहन होगा । शिवरीनारायण का दशहरा उत्सव काफी प्रसिध्द है इसलिए आसपास गांव के लोग भी काफी संख्या में इसे देखने आते हैं । नगर पंचायत शिवरीनारायण व्दारा रावण दहन स्थल की साफ सफाई, बिजली व पानी की व्यवस्था की जा रही है ।

## वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज जायसवाल ने की आईएएस एसडीएम रेना से मुलाकात

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शक्ति के पद पर भारतीय प्रशासनिक सेवा की ऊर्जावान आईएएस अधिकारी रेना जमील की पदस्थापना को तीन माह व्यतीत हो चुके हैं, तथा उनकी कार्यकुशलता एवं सजगता तथा जिम्मेदारियों के प्रति तत्परता से निर्वहन से पूरे अनुविभाग में लोग उनका आभार व्यक्त कर रहे हैं,तथा शक्ति शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस नेता मनोज जायसवाल ने भी 13 अक्टूबर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय पहुंचकर आईएएस एसडीएम रेना जमील से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट किया तथा इस दौरान मनोज जायसवाल ने कहा कि आज शक्ति अनुविभाग में आम नागरिकों का काम छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप तत्परता एवं सजगता के साथ किया जा रहा है, निश्चित रूप से उसके लिए आप प्रशंसा की पात्र हैं, एवं शक्ति क्षेत्र में निरंतर आपके अधीनस्थ समस्त कार्यालयों में भी अधिकारी/ कर्मचारी नियमित रूप से आम



जनता की सेवा एवं नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित उपलब्ध रहते हैं,एवं पूरे क्षेत्र में विकास की दृष्टि से भी आप निरंतर व्यक्तिगत रूप से प्रयास करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है, इस दौरान मनोज जायसवाल ने कहा कि शक्ति को 15 अगस्त को राजस्व जिले का दर्जा मिलने के बाद अब आने वाले समय में इस क्षेत्र की जनता को छत्तीसगढ़ कि कांग्रेसनीत भूपेश बघेल सरकार की मंशानुरूप राजस्व जिले का लाभ मिलेगा,तथा आने वाले दिनों में जिले के नवगठन में राजस्व विभाग एवं प्रशासन के भी अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान होना है, तथा मनोज जायसवाल ने गुलदस्ता भेंट कर एसडीएम का आभार व्यक्त किया।

## सगे मामा के हत्यारे दोनों भांजे रहेंगे आजीवन जेल में

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला एवं सत्र न्यायाधीश विद्वान अरविन्द कुमार सिन्हा द्वारा 08 अक्टूबर 2021 को दो वर्ष पूर्व दर्ज हुए अपने मामा के हत्या के आरोपीगण को भा.द.स. धारा 302, 449, 34 के अपराध में आजीवन कारावास एवं 02 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया एवं अर्थदण्ड के राषि अदा नही किये जाने पर 01 वर्ष सश्रम कारावास की सजा दी गई है। इस प्रकरण में शासन की ओर से जिला लोक अभियोजक मनीष चौबे द्वारा पैरवी की गई। घटना 22 दिसम्बर 2019 की रात्रि 7 बजे की है। ग्राम लौदा थाना पथरिया के निवासी अभियुक्तगण साहिल बंजारे तथा सिकन्दर बंजारे एक राय होकर मृतक ज्वाला टण्डन के घर में मृतक की हत्या करने के नियत से रात 7 बजे मृतक के घर पहुंचे जहां उसकी पत्नी उषा टण्डन तथा पुत्री सेफाली टण्डन भी घर में थे। चूंकि अभियुक्तगण मृतक के सगे भांजे थे इस लिए मृतक की पत्नी ने उनसे चाय पीने के लिए पूछा और रसोई में चाय बनाने चली गई। कुछ देर बाद ही वाद विवाद और गाली गलौच कि आवाज सुनकर जब बाहर आई तो देखी की अभियुक्त सिकंदर अपने दोनो हाथों से मृतक ज्वाला टंडन के गले को दबा रहा था, जिसे उसकी पत्नी उषा टंडन जो छुड़ाने की कोशिश की तो अभियुक्त साहिल उसे जोर से धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। जिसके बाद अभियुक्त साहिल मृतक ज्वाला टंडन के दोनो हाथ को पीछे से पकड़ लिया और अभियुक्त सिकंदर ने मृतक को चाकू से उसके दिल के पास तथा अन्य तीन चार जगहों पर चाकू से मार दिया। उक्त घटना के समय मृतक की बेटी सेफाली टंडन बाजू वाले कमरे में पढ़ाई कर रही थी वह भी आवाज सुनकर वह भी उस कमरे में पहुंची उसने भी घटना को देखा और अपने पिता को बचाने का प्रयास किया। लेकिन अभियुक्तगण द्वारा मृतक की बेटी सेफाली टंडन पर हमला किया गया घटना के दौरान होने वाले आवाज को सुनकर मृतक के घर के बाजू में रहने वाले उसके पिता अच्छे लाल टंडन तथा मृतक का भाई इन्द्रजीत टंडन भी घटना स्थल पर पहुंचे मृतक के भाई के द्वारा ही सेफाली टंडन के ऊपर हो रहे हमले में बीच बचाव के दौरान अभियुक्तगण द्वारा चाकू से वार करने का प्रयास करते समय पहुंच कर आरोपी से सेफाली टंडन को बचाया। घटना के बाद आरोपी घटना स्थल से भाग गये। मृतक को पथरिया अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉ. ने ज्वाला टंडन की मृत्यु हो जाने की बात बताई गई। उक्त घटना कि रिपोर्ट मृतक के पिता बच्चे लाल टंडन के द्वारा की गई थी। जिस पर विवेचना करते हुए थाना प्रभारी सुरेन्द्र मिश्रा द्वारा आरोपियों को घटना के कुछ दिनों बाद गिरफ्तार किया गया। तथा घटना के समय आरोपियों द्वारा पहने कपड़े जिसमें खून के दाग थे, उसे रसायनिक परीक्षण हेतु राज न्यायालयीन प्रयोग शाला भेजा गया था। रासायनिक परीक्षण की रिपोर्ट में अभियुक्तगण के कपड़ो पर मानव रक्त पाए जाने का रिपोर्ट माननीय न्यायालय के समक्ष दिया गया। इस प्रकरण में लोक अभियोजक मनीष चौबे द्वारा 09 साक्षियों का परीक्षण न्यायालय के समक्ष कराया गया था। प्रकरण में मृतक की पत्नी एवं उसकी पुत्री प्रत्यक्षदर्शी साक्षी थे। जिनका समर्थन अन्य साक्षियों ने भी न्यायालय में परीक्षण के दौरान किया।

## पुत्र कुपुत्र हो सकता है लेकिन माता कभी कुमाता नहीं हो सकती : राजेश्री महन्त

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास ने शारदीय नवरात्र के अष्टमी तिथि को जांजगीर-चांपा जिले के विभिन्न स्थानों पर देवी भागवत एवं देवी दर्शन के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए प्रत्येक स्थानों पर लोगों ने भजन कीर्तन के साथ बहुत ही श्रद्धा भक्ति पूर्वक उनकी अगवानी की ग्राम केवा में प्रत्येक दरवाजे पर लोगों ने आरती सजाकर पूजा अर्चना करके उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीमद् देवी भागवत महापुराण में उपस्थित श्रोताओं को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि प्रतिपदा से लेकर नवमी तिथि तक हम लोग नौ दिन से नवरात्र अनुष्ठान मना रहे हैं। हमारे सनातन धर्म में वर्ष में दो बार नवरात्रि मनाने का विधान है



शारदीय नवरात्रि और वासंती नवरात्रि यह प्रत्यक्ष नवरात्रि हैं इनके अलावा दो गुप्त नवरात्रि भी हम सभी मनाते हैं, नवरात्रि मातृ शक्ति की आराधना का पर्व है इसमें हमें माता की कृपा प्राप्त होती है शास्त्रों में कहा गया है पुत्र भले ही कुपुत्र हो सकता है लेकिन माता कभी कुमाता नहीं हो सकती! उसकी कृपा हम सब पर निरंतर बनी ही रहती है अपने इस आध्यात्मिक दर्शन के कार्यक्रम में राजेश्री महंत महाराज क्रमशः ग्राम पेंड्री, धाराशिव, बरबसपुर, केवा, जांजगीर, बिर्रा एवं केरा के अध्यात्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित हुए।

## विधायक चंदेल ने स्वर्ग रथ का लोकार्पण किया

पायनियर संवाददाता < जांजगीर -चांपा
www.dailypioneer.com

गत दिवस विधायक नारायण चंदेल ने अपने विधायक निधि से निर्मित स्वर्ग रथ (शव वाहन) का लोकार्पण कर चाम्पा नगर की जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर के पार्शदगण, पत्रकारगण एवं आम नागरिकगण उपस्थित थे। विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर श्रीफल तोड़कर नवरात्रि के पावन पर्व पर इस स्वर्ग रथ को जनता को सौंपा गया ताकि बैकुण्ठ धाम जाने वालों को व जहां मुक्तिधाम दूर है उन्हें सहजता के साथ इस स्वर्ग रथ के माध्यम से पहुंचाया जा सकें। विधायक चंदेल ने इस अवसर पर उपस्थित आम नागरिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि चाम्पा नगर में स्वर्ग रथ की



आवष्यकता लम्बे अरसे से महसूस की जा रही थी, यह जनता की दीर्घ लंबित मांग थी जो आज मेरे हाथों से यह कार्य सम्पन्न हो रहा है, जिसे मैं अपना सौभाग्य मानता हूं। उन्होंने आम नागरिकों से आग्रह किया कि इसी तरह आप सभी का स्नेह, प्यार व आशीर्वाद हम सब पर बना रहे, आपका स्नेह ही हमारा संबल होता है। इसके साथ ही विधायक चंदेल ने चाम्पा नगर पालिका के सभागार में नगर के समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किया। इस गरिमामयी समारोह के असवर पर चाम्पा नपाप के अध्यक्ष जय थवाईत, उपाध्यक्ष हरदेव देवांगन, पार्शद व भाजपा जिला महामंत्री पुरूशोत्तम षर्मा, चाम्पा सेवा संस्थान के अध्यक्ष द्वय मनोज मित्तल, अन्नपूर्णा सोनी, पत्रकार संघ के अध्यक्ष कुलवंत सिंह सजूला, चेम्बर ऑफ कामर्स से अनिल मनवानी, रामखुबवानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विवेका गोपाल, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, भाजयुमों नगर अध्यक्ष गिरीष मोदी गुडडू प्रधान, नागेन्द्र गुप्ता, पुरूशोत्तम

## कलेक्टर ने नए तहसील परिसर का किया अवलोकन



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला कलेक्टर अजित बसंत इन दिनों कार्यवाही के मुड में नजर आ रहे है, जिला मुख्यालय के पास बन रहे नये तहसील परिसर भवन को लेकर जिला कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को गुणवत्ता के मामले में निर्देषित किया जा रहा है, ताकि कार्य में पूरी पारदर्षिता बरती जा सके और कार्य निर्धारित समय में पुरा कराया जा सके । ज्ञात हो कुछ दिनों पहले जिला पंचायत सदस्य षीलू साहू द्वारा जिला मुख्यालय के ग्राम गीधा में बन रहे तहसील परिसर के निमार्ण को लेकर सवालिया निषान खडा किया था, मामले के संज्ञान में आने के उपरांत कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देषित करते हुए सतत निगरानी का फरमान जारी किया, इसी तारतम्य में मुंगेली तहसीलदार मौके का निरिक्षण किया।

## गोरखा में महिला की हत्याकांड का खुलासा

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

11 अक्टूबर की शाम थाना प्रभारी कोतरारोड़ क्षेत्रांतर्गत ग्राम गोरखा मे रहने वाली अधेड उम्र की महिला की निर्मम हत्या कि करीब साढ़े 5 बजे ग्राम गोरखा के कोटवार द्वारा मोबाईल फोन के जरिये सूचना देने पर निरीक्षक चमन सिन्हा किरोडीमलनगर की ओर पेट्रोलिंग पर रवाना हुए थे ग्राम गोरखा के हिम बहादुर गुरूम के पत्नी मीरा गुरूम (43 वर्ष) को उसी के घर परछी मे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 11 अक्टूबर की शाम मृतिका मीरा गुरूम उसके घर के परछी में चित्त हालत में मौत होकर पडी थी, उसके गले, गाल, भौं के ऊपर गम्भीर चोट था। मृतिका की लडकी डाली



गुरूंग पिता हिम बहादुर गुरूंग उम्र 23 वर्ष सा. वार्ड नं. 43 गोरखा थाना कोतरारोड से टीआई कोतरारोड़ पूछताछ किये तो बताई कि 08 अब्टूबर को उसके पिता एवं उसकी छोटी बहन संतोषी नेपाल गए हुए हैं। 11 अक्टूबर की सुबह 08 बजे लगभग इसका छोटा भाई सुरज काम करने जिंदल कम्पनी चला गया था कि 10:30 बजे यह अपने सहेली के साथ चन्द्रपुर मंदिर दर्शन करने चली गई थी। घर में इसकी मां मीरा गुरूंग अकेली थी कि शाम 04:30 बजे घर आई तो कमरा का दरवाजा ढका हुआ था जिसे धक्का देकर खोली तो देखी घर के परछी में मां खुन से लथपथ मरी पडी थी, कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से हत्या कर भाग गया था। धारा 302 भा0द0वि0 कायम किया गया पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एवं अति पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन मे थाना स्टाफ एवं विशेष टीम बनाकर उक्त अपराध का पतासाजी किया जा रहा था।

# जिला प्रशासन ने किया देवी मड़ई का आयोजन

- बस्तर की विविध जनजातीय संस्कृति से रूबरू हुए पर्यटक
- लोक धार्मिक गायन, नृत्य और लोक कथा वाचन की लोकानुभूति से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता



पायनियर संवाददाता ∢ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा को देखने के लिए देश-दुनिया से बस्तर पहुंचने वाले पर्यटकों को बस्तर की विविध जनजातीय संस्कृति से रूबरू कराने के प्रयास में जिला प्रशासन की पहल से दंतेश्वरी मंदिर परिसर के पास भव्य देवी मड़ई का आयोजन हुआ। जिसमें तीन प्रमुख पंडालों का निर्माण कराया गया था जिनमें क्रमानुसार लोक धार्मिक गायन, लोक एवं धार्मिक नृत्य और लोक कथा वाचन के माध्यम से पर्यटकों को बस्तर की विविध संस्कृति एवं दशहरा के पौराणिक महत्व से परिचित कराया गया।देवी मड़ई के अवसर पर बस्तरिया शिल्प कला, हस्त कला, धातु शिल्प, मृदा शिल्प, बांस शिल्प, सीसल शिल्प के विशेष प्रदर्शनी एवं विक्रय स्टॉल समेत बस्तरिया पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद पर्यटकों को मिला। इन स्टॉलों में बस्तर के क्षेत्रीय उत्पादों को भी प्रदर्शित किया गया, देवी मड़ई के आयोजन के मद्देनजर श्रोताओं, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा खान-पान, रहन-सहन, पार्किंग व्यवस्था, आवागमन के साधन एवं सुरक्षा का विशेष प्रबंध किया गया था।मड़ई मेले में लोक धार्मिक गायन, लोक धार्मिक नृत्य और लोक कथा वाचन की प्रस्तुतियों ने यहां मौजूद हर श्रोता को हर्षित कर दिया और सस्वर गायन वाचन ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान मड़ई मेले परिसर में मां दंतेश्वरी और बस्तर दशहरा की जय-जयकार गूंज उठी। इस अवसर पर श्रोताओं ने मनोरंजक ढंग से बस्तर के ऐतिहासिक पहलुओं और पारंपरिक रिवाजों के विषय में बेहद दिलचस्प जानकारी प्राप्त की। सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष दीपक बैज ने आज माई दंतेश्वरी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर देवी मंडई का शुभारंभ किया। उन्होंने बस्तर की लोक संस्कृति को पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताते हुए बस्तर जिले प्रशासन द्वारा देवी मंडई के माध्यम से इसके संरक्षण और प्रसार के लिये किये गए पहल की सराहना की। इस दौरान उन्होंने यहां लगाई गई स्टालों का भी अवलोकन किया। कलेक्टर रजत बंसल ने बताया कि 75 दिनों तक चलने वाला छत्तीसगढ़ का बस्तर दशहरा पूरी दुनिया में आकर्षण का प्रमुख केंद्र है, बस्तर दशहरा में आने वाले पर्यटक केवल दशहरा के रस्मो रिवाज से ही परिचित हो पाते थे, हमने देवी मड़ई की शुरुआत इसलिए की कि बस्तर आने वाले सभी पर्यटक देवी मड़ई में शामिल होकर कम समय में भी संपूर्ण बस्तर के पारंपरिक महोत्सव का भाग बन सके और बस्तर की संस्कृति और परंपरा का अनुभव संजो सके। इस दौरान महापौर सफीरा साहू, नगर निगम अध्यक्ष कविता साहू, नगर निगम में लोक निर्माण समिति के अध्यक्ष यशवर्द्धन राव पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी, सहायक कलेक्टर सुरुचि सिंह, नगर निगम आयुक्त प्रेम पटेल, अनुविभागीय दंडाधिकारी जीआर मरकाम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्टेडियम मैदान में कांग्रेस महासचिव के बेटे व एसडीओपी के बीच हुआ विवाद, निष्पक्ष कार्रवाई की मांग



पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव के विकास नगर स्थित स्टेडियम मैदान में रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 13 अक्टूबर की रात कांग्रेस महासचिव के बेटे और एसडीओपी कोण्डागांव के बीच कथित विवाद व झूमाझटकी का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद मनीष श्रीवास्तव के बेटे को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है व अन्य आरोपीयों की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। जानकारी अनुसार नगर के स्टेडियम मैदान में नवरात्रि के अवसर पर रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, की तभी प्रदेश कांग्रेस महासचिव मनीष श्रीवास्तव के बेटे सिद्धार्थ श्रीवास्तव व अन्य साथियों के द्वारा कुछ उपद्रव कर रहे थे, कोण्डागांव एसडीओपी निमितेश सिंह परिहार द्वारा गस्त के दौरान उन्हें मना करने पर आपसी विवाद व झूमाझटकी हुई जिससे नगर में कौतूहल व तनाव का माहौल बना हुआ है। इसके बाद पुलिस द्वारा सिद्धार्थ श्रीवास्तव को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है, व अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**पुलिस करे निष्पक्ष जांचः मनीष श्रीवास्तव-** इस पूरे घटनाक्रम पर कांग्रेस महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने कहा, यदि उनके बेटे सिद्धार्थ श्रीवास्तव के माध्यम से कोई गलती की गई है तो पुलिस निष्पक्ष रुप से उनके बेटे के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें। यह बात भी की अभी वह बच्चा है ऐसी कार्यवाही ना हो जाये कि जिससे उसे भविष्य में सुधारने का मौका ना मिले, हां यदि गलती की है तो कार्यवाही तो होना चाहिए, में हमेशा पुलिस व न्याय के पक्ष में रहा हूं, और आगे भी रहूंगा।

**अ-जमानती धाराओं के साथ गिरफ्तारी : एएसपी-** वहीं इस मामले पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने बताया, की कुछ लड़कों द्वारा हुड़दंग की सूचना पर एसडीओपी निमितेश सिंह परिहार राउंड पर निकले हुए थे, पुलिस के द्वारा जब इन लड़कों को समझाइश दी गयी तो इन्होंने बदतमीजी की जिससे इस मामले पर अ-जमानती धाराओं के तहत सिद्धार्थ श्रीवास्तव सहित 06 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है, व अन्य आरोपियों को भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा, तलाश जारी है।

## स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने की नवपदस्थ कलेक्टर से सौजन्य मुलाकात

पायनियर संवाददाता
∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला इकाई बीजापुर के पदाधिकारियों ने नव पदस्थ कलेक्टर राजेंद्र कटारा से कलेक्ट्रेट कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। सर्वप्रथम जिला सचिव मनीषा देवांगन ने पुष्पगुच्छ देकर संघ की ओर से कलेक्टर का स्वागत किया। इस सौजन्य मुलाकात के दौरान जिले के स्वास्थ्य सुविधाओं एवं परेशानियों पर एवं संघ के पदाधिकारियों द्वारा संक्षिप्त चर्चा की गई एवं विगत दो वर्षों से कोविडकाल में अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों कोरोना योद्धाओं को राज्य के ही अन्य जिलों की भांति बीजापुर जिले में भी प्रोत्साहन राशि प्रदाय करने हेतु आवेदन दिया गया। इस सौहार्द मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सदाशिव दुर्गम, चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के जिला संयोजक पाण्डु मुसकी, बीजापुर ब्लॉक शाखा के अध्यक्ष विकास कावरे एवं जिला चिकित्सालय इकाई के उपाध्यक्ष लोकेश ठाकुर सहित, प्रभा कावटी, सोमलू कुड़ियम आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

## किरन्दुल डबल स्टोरी पंडाल में किया गया गरबा डांडिया आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ किरन्दुल
www.dailypioneer.com



किरन्दुल में शारदीय नवरात्र महापर्व का आयोजन इस वर्ष विशेष उत्साह एवं उमंग के साथ किया जा रहा है किरन्दुल में इस वर्ष 13 पंडालों में विभिन्न समितियों द्वारा माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है जहां प्रत्येक रात्रि को माता जगतजननी की विशेष पूजा आराधना के साथ ही धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। बता दें नगर के डबल स्टोरी में नवदुर्गा पूजा समिति द्वारा माता रानी की प्रतिमा विराजित की गई है जहां बुधवार अष्ठमी तिथि को मलकानगिरी से आये पंडित सुजॉय चक्रवर्ती द्वारा माता के अष्ठम स्वरूप महागौरी की पूजा आराधना की गई।जिसके बाद समिति द्वारा गरबा डांडिया का आयोजन किया गया। जिसमें डबल स्टोरी बारसा कॉलोनी के महिलाएं एवं बच्चों ने मिलकर गरबा और डांडिया किये।इस डांडिया नृत्य के दौरान काफी संख्या में स्थानीय लोग सम्मिलित हुए।समिति के सचिव बी दिल्ली राव ने पब्लिक मीडिया को बताया की पिछले 5 दशकों से इस पंडाल में प्रतिवर्ष माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धापूर्वक नवरात्र महापर्व मनाया जाता है।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कामता डेहरिया,सचिव बी दिल्ली राव,लक्ष्मी वाघटकर, भावना सर्वदे, नंदकिशोर वाघटकर, लक्ष्मी नारायण, टेक राम, नांगनाथ सर्वदे, साहिल, सागर,वीरेंद्र, रितेश, लक्कू एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## कलेक्टर ने किया लालबाग में हाईमास्ट लाइट व्यवस्था का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ∢ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल ने लालबाग मैदान में लगाए गए हाईमास्ट लाईट का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न खेल प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों से भी लाईट की व्यवस्था के उपरांत मैदान में खेल गतिविधियों में वृद्धि करने और मैदान में असमाजिक तत्वों को दूर रखने के संबंध में चर्चा की। ज्ञात हो कि लालबाग मैदान में रात्रिकालीन खेल गतिविधियों को बढ़ाने के लिए इसके चारों तरफ हाईमास्ट लाईट से जगमग किया गया है। इसके लिए लगभग 84 लाख रुपए की लागत से 30-30 मीटर ऊंचे खंबों पर 8 हाईमास्ट लगाए गए हैं। लगभग 10.50 लाख रुपए के एक हाईमास्ट में 350 वाट के 20 एलईडी बल्ब लगाए गए हैं। इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा बस्तर दशहरा पर्व के अवसर पर जगदलपुर प्रवास के दौरान किया जाएगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, सहायक कलेक्टर सुरूचि सिंह, आयुक्त नगर निगम प्रेमकुमार पटेल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत ढोढरेपाल में तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण आयोजित

पायनियर संवाददाता ∢ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



शहीद गुण्डाधूर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र जगदलपुर एवं काजू एवं कोको विकास निदेशालय कोचीन केरल के संयुक्त तत्वावधान में बस्तर जिले के दरभा विकासखण्ड ग्राम पंचायत ढोढरेपाल में 9 से 11 अक्टूबर तक तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। काजू प्रबंधन, पौध संरक्षण एवं प्रसंस्करण विषय पर आयोजित। इस कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष जनपद पंचायत दरभा जानकी राव उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. एसआर नेताम किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत डिलमिली के सरपंच दुर्जन कश्यप एवं ग्राम पंचायत ढोढरेपाल की सरपंच शार्दुल उपस्थित थी। इस अवसर पर अतिथियों एवं विषय विशेषज्ञों के द्वारा काजू फसल प्रबंधन, पौध संरक्षण एवं प्रसंस्करण के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. एचके पात्र, डॉ. यशपाल निराला, सुशील कश्यप, अभिलाष शुक्ला, श्री विकास रामटेके, पीएस नेताम सहित कृषि वैज्ञानिकों, प्राध्यापकों, जनप्रतिनिधि एवं महिला स्व-सहायता समूह के अलावा बड़ी संख्या में कृषक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## दूरदर्शन पर वृतचित्र नाचा के अंग्रेजी रूपांतर का प्रसारण

**किरन्दुल।** दूरदर्शन केंद्र रायपुर में समय समय पर छत्तीसगढ़ी लोक संगीत, नृत्य, नाट्य आदि के संरक्षण और संवर्धन हेतु कार्यक्रमों का निर्माण और प्रसारण किया जाता है । इसी कड़ी में 16.अक्टू. को अपराह्न 04.15 बजे वृत्तचित्र नाचा के अंग्रेजी रूपांतर का प्रसारण किया जाएगा । वरिष्ठ नाचा विशेषज्ञ अजय उमरे की स्क्रिप्ट पर आधारित इस वृत्तचित्र में प्रस्तोता की भूमिका निभा रही हैं डॉ. आकांक्षा दुबे । नाचा की बारीकियों पर आधारित इस वृतचित्र को अपनी आवाज़ से संवारा है, शिक्षाविद् सौम्या रघुबीर ने । अलग-अलग लोकेशन वृत्तचित्र के दृश्य ध्वनि मुद्रण का कार्य बखूबी से किया है। अभियांत्रिकी विभाग के पी. एल. प्रधान, कमलेश कुमार सोनी, पी. आर. श्रीवास, एम. एल. सूर्यवंशी और सुखचन्द बेहरा ने । वृत्तचित्र के निर्माण में विभिन्न दृश्यों के छायांकन का कार्य बखूबी से करने वाले कैमरामेन हैं ।

## सीपीआई जिला परिषद् कोण्डागांव ने चिपावण्ड बाजार में चलाया जनजागरुकता अभियान



पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

सीपीआई जिला परिषद् कोण्डागांव ने अपने द्वारा चलाए जा रहे जनजागरुकता अभियान कार्यक्रम के तहत 13 अक्टूबर 2021 बुधवार को ग्राम चिपावण्ड के साप्ताहिक बाजार स्थल में भी जनजागरुकता अभियान चलाया गया। सीपीआई कोण्डागांव के राज्य कार्यकारिणी सदस्य व जिला सचिव तिलक पाण्डे, एआईवायएफ के जिला सचिव जयप्रकाश नेताम व जिला अध्यक्ष बिसम्बर मरकाम, बुधराम पोयाम, फगनूराम पोयाम, सुखराम नेताम, बुधराम मंडावी, सगराम बघेल, संजय मरकाम, कुमार सोरी, मोतीलाल नेताम, जगदेव पोयाम, अनंतराम पोयाम, लक्ष्मण नेताम, परदेसी नेताम, चंदन नेताम, मुकेश मंडावी जिला अध्यक्ष आदिवासी महासभा, लक्ष्मण महावीर जिला सचिव आदिवासी महासभा, दिनेश मरकाम जिला सचिव एआईएसएफ, नंदूलाल नेताम ब्लॉक अध्यक्ष फरसगांव, गंगाधर नेताम, कृष्णा नेताम, नरसिंह मरकाम, राजकुमार मरकाम, शिवा नेताम, छेदीलाल नेताम, महादेव नेताम, पिलाराम नेताम, सुखचरण बघेल, रोमनाथ नेताम, सुबरू नेताम आदि सहित अन्य कम्युनिश्टों की उपस्थिति में ग्राम चिपावण्ड में आयोजित जनजागरुकता अभियान कार्यक्रम के दौरान साप्ताहिक बाजार में आए ग्रामीणजनों को भारत का संविधान में निहित प्रावधानों की जानकारी देकर ग्रामीणजनों को अपने कर्तव्य एवं अधिकारों के प्रति जागरुक करने का प्रयास किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित कम्युनिश्टों ने ग्रामीणजनों से उनकी स्थानीय समस्याओं की जानकारी लेने के साथ ही समस्याओं के समाधान हेतु विधि सम्मत जानकारियां दी। सीपीआई कोण्डागांव के जिला सचिव व राज्य परिषद् सदस्य तथा कानून के जानकार तिलक पाण्डे ने जनजागरुकता अभियान कार्यक्रम किए जाने के उद्देष्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जिले की अधिकांष जनता ग्रामीण क्षेत्र में रहती है, जहां अधिकांष ग्रामीणजन अषिक्षित होने के कारण तथा जो षिक्षित हुए हैं, वे केवल और केवल किताबी ज्ञान ही ले पाए हैं।

## महाअष्टमी संधि पूजा में भक्तों ने पुष्पांजलि देकर माँ दुर्गा से सुख समृद्धि की कामना की



पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com

बुधवार महाष्टमी पूजा के अवसर पर बंगाली कैंप दुर्गा मंदिर में पुष्पांजलि देने पूरे नगर से सैकड़ों भक्त जुटे।सुबह से व्रत रखकर श्रद्धालु ने मां दुर्गा की उपासना कर पूजा अर्चना की। 1964 से चले आ रहे दुर्गा पूजा में बंगीय कल्चरल एसोसिएशन द्वारा खास तैयारी की जाती है।रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया ऊंचे भव्य पंडाल,आकर्षक मूर्तिया लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।पूर्व वर्ष के भांति इस वर्ष भी पूजा में दूसरे राज्य से पुजारी व ढाकी पहुंचे है।संधि पूजा में सुबह 11 बजे से पुष्पांजलि प्रारंभ हुआ जो दोपहर तक चला।महाष्टमी पूजा के अवसर पर दोपहर खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें नगर के साथ-साथ आसपास के गांव से सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे।शाम को मंदिर में आरती का आयोजन किया गया जिसमें बच्चे व महिलाओं ने सुंदर प्रस्तुति दी।पूजा में आस्था,भक्ति और विश्वास के विविध रंग देखने मिला।


BAJAJ FINSERV

**बजाज फाइनैंस लिमिटेड**

कार्पोरेट कार्यालय : तृतीय तल, बजाज फिनसर्व, पंचशील टेक पार्क, विमान नगर, पुणे महाराष्ट्र, भारत – 411014, महाराष्ट्र
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, स्काई पार्क प्लॉट नंबर 3/10, राजा तालाब, पंढारी, निकट टावरी नर्सिंग होम, रवि नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की 13 (2) के तहत मांग सूचना**

अधोहस्ताक्षरी मैसर्स बजाज फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में एतद्द्वारा निम्नलिखित सूचना उन कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों) को जारी कर रहा है, जो अपनी देयता का निर्वहन करने में असफल रहे हैं अर्थात बजाज फाइनैंस लिमिटेड द्वारा उनको सम्पत्ति के संबंध में दिए गए होम लोन(लोन्स)/लोन के मूलधन और उसपर उद्भूत ब्याज एवं अन्य प्रभारों के प्रतिभुगतान में असफल रहे हैं और उसके परिणामस्वरूप लोन(लोन्स) निम्नवर्णित तिथियों को अनार्जक आस्ति (एनपीए) हो गए हैं। तदनुसार उनको वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की 13 (2) और उनके नियमों के तहत सूचनाएं, उनके अंतिम ज्ञात पते पर, जारी की गई थीं। तथापि वे बिना सुपुर्दगी/बिना तामील वापस प्राप्त हो चुकी हैं, अतः कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों) को इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे उनके द्वारा समय समय पर प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के तहत बकाया रशियों का भुगतान करें।

| कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम (एलएएन नंबर, शाखा का नाम) | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | मांग सूचना तिथि और राशि |
|---|---|---|
| शाखा : रायपुर<br>एलएएन : H454BLP0330429 एवं H454ECM0403086<br>कर्जदार/सह–कर्जदार<br>1. के नागेन्द्र राव (कर्जदार)<br>पता : एच नंबर –ब्लॉक नंबर 01 4 आरटी फ्लोर 4 सी श्री कृष्ण नगर, रायपुर– 492001<br>2. एस बी इन्फोटेक (सह–कर्जदार)<br>(इसके स्वामी/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता/प्रबंध निदेशक के माध्यम से) पता : दुकान नंबर 5, शांति देवी कॉम्प्लेक्स, रायपुर – 492001<br>3. स्वाति राव कासिरेड्डी (सह–कर्जदार)<br>पता : जे 23366, सेक्टर–3, निकट साई मंदिर, शिवानंद, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001 | निम्नवर्णित गैर–कृषि सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर 4, ब्लॉक नंबर 1, चतुर्थ तल, श्री कृष्ण फ्लैट खसरा नंबर 596, 598, 601, 612, 613, 661, 665, 667, 668, 669, 677, 678, 679, 688, 689, 690, 691, 692, 693, 694, 695, 697, 698, 699 एवं 706/1, फाडी चौक से गोंडवारा रोड, गुधियारी रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001 | 20 सितम्बर, 2021<br>रू. 28,14,668/–<br>(रूपए अठ्ठाईस लाख चौदह हजार छह सौ अड़सठ मात्र) |
| शाखा : रायपुर<br>एलएएन : H454BHL0330431 एवं 4540HL47336417<br>कर्जदार/सह–कर्जदार<br>1. उमेश सिन्हा (कर्जदार)<br>पता : मकान नंबर बी 25, आम्रपाली हाउसिंग सोसायटी, रायपुर– 492001<br>2. नम्रता सिन्हा (सह–कर्जदार)<br>पता : मकान नंबर बी 25, आम्रपाली हाउसिंग सोसायटी, रायपुर– 492001 | सम्पत्ति 1 की अनुसूची :<br>निम्नवर्णित गैर–कृषि सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड :<br>प्लॉट नंबर डी–07, आम्रपाली सहकारी गृह निर्माण समिति, लालपुर (टीकरा पारा), डा. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नंबर 46, पीसी नंबर 114, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001.<br>उत्तर – रोड<br>पूरब – प्लॉट नंबर डी–08<br>दक्षिण – प्लॉट नंबर बी–25<br>पश्चिम – प्लॉट नंबर डी–06<br>सम्पत्ति 2 की अनुसूची :<br>निम्नवर्णित गैर–कृषि सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड :<br>डैफोडिल 241 पार्थिव पैसीफिक, निकट एम्स डूमर तालाब, जी ई रोड, पीसी नंबर 104<br>उत्तर – फ्लैट नंबर 242<br>पूरब – फ्लैट नंबर 244<br>दक्षिण – रास्ता<br>पश्चिम – रास्ता | 04 अक्टूबर, 2021<br>रू. 61,53,321/–<br>(रूपए इकसठ लाख तिरेपन हजार तीन सौ इक्कीस मात्र) |

सूचना की वैकल्पिक तामील हेतु कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदारों तथा/अथवा सह–कर्जदारों गारंटरों को सलाह दी जाती है कि वे बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर कर दें, जिसमें असफल रहने पर वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (4) के प्रावधानों के अनुसार प्रतिभूति आस्ति/बंधक सम्पत्ति का कब्जा लेने हेतु आगे कार्यवाही (बजाज फाइनैंस लिमिटेड के पास उपलब्ध अन्य अधिकार उपायों को प्रतिकूल प्रभावित किए बगैर) की जाएगी।
उपरोक्त नामक पार्टियों को उपरिवर्णित सम्पत्तियों को हस्तांतरित नहीं करने, तृतीय पक्ष हित सृजित नहीं करने की भी सलाह दी जाती है। जिन पर बजाज फाइनैंस लिमिटेड का प्रभार है।

स्थान : रायपुर
तिथि : 15–10–2021

वास्ते मैसर्स बजाज फाइनैंस लिमिटेड
(विनय सोब्ती) प्राधिकृत अधिकारी

# माता को दी विदाई, जोत-जंवारा विसर्जित



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जोत-जंवारा विसर्जन के साथ ही श्रद्धालुओं ने शारदीय नवरात्र पर्व को विदाई दी। शहर के मां शीतला माता मंदिर से गुरुवार सुबह महिलाएं ज्योति कलश विसर्जन के लिए निकली। इस दौरान जसगीत गाए जाते रहे। कई महिलाएं अपनी मन्नतों के लिए जोत के मार्ग पर दंडवत रहीं। इस बीच शहर में कई स्थानों पर प्रसादी वितरण के कार्यक्रम भी चलते रहे। श्रद्धालुओं द्वारा मंदिरों और प्रतिमा पंडालों में कोरोना संक्रमण के चलते शासन के निर्देशानुसार सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क का उपयोग करते पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे थे।

तीन नवरात्रियां बीतने के बाद इस बार प्रशासन ने श्रद्धालुओं को दर्शन और प्रतिमा स्थापित किए जाने छूट दी थी। कोविड के डर से परे आस्था से सराबोर श्रद्धालुओं ने इस मौके पर माता के दर्शन



किए। डोंगरगढ़ में इस नवरात्र में दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं काआंकड़ा तकरीबन डेढ़ लाख बताया जा रहा है। जिले भर में काफी उत्साह के साथ नवरात्र का पर्व मनाया गया। ग्रामीण क्षेत्र में भी जसगीत के आयोजनों के बीच भक्तिमय माहौल बना रहा।

# आरएसएस पर टिप्पणी से भड़के सांसद, सीएम पर लगाए आरोप

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आरएसएस को नक्सली बताए जाने पर बीजेपी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के सांसद संतोष पांडे ने मुख्यमंत्री के इस बयान पर पलटवार किया है। साथ ही मुख्यमंत्री के इस बयान को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। संतोष पांडे ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा नक्सलियों के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तुलना करना बहुत ही दुर्भाग्यजनक है। लेकिन आश्चर्य इसलिए भी नहीं है



कि अपनी अकर्मण्यता और अक्षमता को छिपाने के लिए वे यह आरोप लगाते रहे हैं। इनके आका भी आरोप लगाते रहे हैं। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि सीएम के पिताजी नंद कुमार बघेल राजनांदगांव के मानपुर क्षेत्र में आकर रासुका में तीन बार जेल गए। ऐसे ही सुरजेराम टेकाम से किस हैसियत से मिलते हैं। किस प्रकार से उनके साथ मीटिंग करते हैं, जिनका संबंध घोषित नक्सलियों से है।


संतोष पांडे ने कहा कि सुरजेराम टेकाम सीएम हाउस आते हैं! सीएम हाउस में वे उनके कंधे पर हाथ रखकर उनको शाबाशी देते हैं कि आप तो मेरे पिताजी के समान हैं। आप तो मेरे पिता के मित्र हैं। आपके पिता का और आपकी पार्टी के लोगों का नक्सलियों से क्या संबंध है, भूपेश बघेल बताएं।

## चाइना कम्यूनिस्ट पार्टी से कौन सा किया है समझौता

उन्होंने सीएम पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा है कि आप से पूछना चाहता हूं कि सीसीपी चाइना कम्यूनिस्ट पार्टी से आपने और आपके आकाओं ने कौन सा समझौता किया है। जिसके आधार पर आप इंडियन नेशनल कांग्रेस को यहां देश के अंदर ने संचालित करते हैं। मैं आपसे इन प्रश्नों का उत्तर जानना चाहता हूं. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अनुशासित संगठन है। आरएसएस का 100 वर्ष पूरा होने जा रहा है। पूरी दुनिया में यह सेवा के लिए जाना जाता है।







पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा
एवं विधायक, राजनांदगांव
डॉ. रमन सिंह जी
को
जन्मदिन
15th OCTOBER
की हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
डॉ. रमन सिंह जी
पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा, विधायक राजनांदगांव
लीलाराम भोजवानी
अभिषेक सिंह
मधुसूदन यादव
संतोष अग्रवाल
प्रदीप गांधी
दिनेश गांधी
सचिन बघेल
कोमल जंघेल
रामजी भारती
संजीव शाह
विनोद खांडेकर
सरोजनी बंजारे
खेदूराम साहू
गीता घासी साहू
विक्रांत सिंह
सौरभ कोठारी
रमेश पटेल
कोमल सिंह राजपूत
राजेश श्यामकर
लक्की भाटिया
नम्रता सिंह
राजेश सिंघी
अनिल अग्रवाल
मोनू बहादुर सिंह
डा.दीपाली जैन
श्यामपाल ताम्रकार
प्रतीक्षा भंडारी
किरण वैष्णव
अतुल रायज़ादा
तरुण लहरवानी
इरफान शेख
कमल सोनी
भावेश बैद
योगेश बागड़ी
आकाश चोपड़ा




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403